वर्ष 23, अंक 204, पृष्ठ 08, मूल्य: 3.00

# अखंड भारत संदेश

www.akhandbharatsandesh.net
प्रयागराज से प्रकाशित

नगर संस्करण प्रयागराज मंगलवार 20 अगस्त 2024 विश्व निर्माण एवं मानव विकास को द्रुतगति प्रदान करने हेतु क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान आश्रम की अनुपम भेंट

### कोलकाता डॉक्टर रेप मर्डर

## ऑटोप्सी में हैवानियत का खुलासा, सुप्रीम सुनवाई से पहले राज्यपाल दिल्ली रवाना

**कोलकाता: कोलकाता** डॉक्टर रेप मर्डर मामले पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममत बनर्जी पर अब इस्तीफे का दबाव बढ़ रहा है। कोलकाता में 9वें दिन भी डॉक्टरों की हड़ताल जारी रही। इस मामले की जांच कर रही सीबीआई ने गिरफ्तार आरोपी संजय रॉय का पोलीग्राफ टेस्ट कराने का फैसला किया है। तो वहीं दूसरी तरफ मृतक डॉक्टर की ऑटोप्सी रिपोर्ट में दरिंदगी की पुष्टि हुई है। रिपोर्ट में सामने डॉक्टर के शरीर पर कुल 16 चोटें मिली हैं। इनमें रिपोर्ट में कहा गया है कि पीड़िता के शरीर पर 16 बाहरी चोटें थीं, जिनमें गाल, होंठ, नाक, गर्दन, हाथ और घुटनों पर खरोंचें शामिल थीं। नौ आंतरिक चोटें भी पाई गईं। ऑटोप्सी रिपोर्ट में साफ हुआ है कि लेडी डॉक्टर के साथ दरिंदगी का शिकार बनाया गया था। उसके प्राइवेट में बलपूर्वक गंदी हरकत की गई थी। लेडी डॉक्टर रेप मर्डर मामले में बीजेपी ने अब ममता बनर्जी के इस्तीफे की मांग तेज कर दी है। इस बीच सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई से पहले पश्चिम बंगाल के राज्य सीवी आनंद बोस दिल्ली रवाना हुए है। वह केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह और प्रेसीडेंट द्रौपदी मुर्मू से मिलकर कोलकाता की घटना पर ब्रीफ कर सकते हैं। 20 अगस्त को चीफ जस्टिस डी वाई चंद्रचूड़ की अगुवाई वाली पीठ कोलकाता की घटना पर सुनवाई करेगी।

कोलकाता डॉक्टर रेप केस पोलीग्राफ टेस्ट




सीबीआई आरोपी संजय रॉय का पॉलीग्राफ टेस्ट कराएगी सीबीआई ने आरोपी संजय रॉय का पॉलीग्राफ टेस्ट कराने के लिए कोर्ट में मजिस्ट्रेट के समक्ष याचिका दायर की। संजय रॉय आरजी कर मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल में हुए रेप-मर्डर केस में आरोपी है। सीबीआई की टीम ने आरजी कर मेडिकल कॉलेज का भी दौरा किया। सीबीआई की टीम ने मामले की जांच के लिए आरजी कर मेडिकल कॉलेज और अस्पताल के विभिन्न क्षेत्रों का निरीक्षण किया। सीबीआई ने चौथे दिन भी आरजी कर मेडिकल कॉलेज और अस्पताल के पूर्व प्रिंसिपल संदीप घोष से पूछताछ जारी रखी।

गृह मंत्री से मिलेंगे बंगाल के राज्यपाल

पश्चिम बंगाल के राज्यपाल सीवी आनंद बोस आज दिल्ली के लिए रवाना हो रहे हैं। वे दिल्ली में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह और केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा से मुलाकात करेंगे और आरजी कर अस्पताल के डॉक्टर रेप और हत्या मामले पर चर्चा करेंगे। सूत्रों की मानें तो बोस इस पूरे मामले पर अपनी रिपोर्ट सरकार को सौंप सकते हैं। राज्यपाल ने कोलकाता के आरजी कर हॉस्पिटल एंड मेडिकल कॉलेज का दौरा किया था।

ममता बनर्जी पर उठा रही करोड़ों उंगलियां

केंद्रीय मंत्री और बंगला बीजेपी के अध्यक्ष सुकांत मजूमदार ने ममता बनर्जी से इस्तीफे की मांग की है। मजूमदार ने कहा कि बंगाल की सीएम ममता बनर्जी के इस्तीफे की मांग पर करोड़ों उंगलियां उठ रही हैं। टीएमसी नेता उदयन गुहा के बयान पर केंद्रीय मंत्री और बंगाल बीजेपी प्रमुख सुकांता मजूमदार ने एएनआई से कहा कि कितने लोगों के हाथ आप तोड़ेंगे, उंगली काटेंगे। मजूददार ने कहा कि मैं इस घटना के खिलाफ प्रदर्शन कर रहे सभी लोगों को आश्वस्त करता हूं कि बीजेपी कानूनी मदद देने के लिए तैयार है।

### कोलकाता रेप-मर्डर मामले में ममता बनर्जी का इस्तीफा क्यों नहीं मांग रहा विपक्ष : आचार्य प्रमोद कृष्णम

**गाजियाबाद, कांग्रेस** सांसद और लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के लोक सेवकों की भर्ती पर दिए बयान को लेकर आचार्य प्रमोद कृष्णम ने पलटवार किया है। उन्होंने कहा, "राहुल गांधी लोकतंत्र के नाम पर भ्रष्टाचार का समर्थन नहीं करें, जो लूटा है, उसका हिसाब देना होगा।"

आचार्य प्रमोद कृष्णम ने कहा, "यूपीए-1 और यूपीए-2 में बहुत सारे ऐसे कानून बने, जिनका राहुल गांधी ने विरोध किया था। उन्होंने कई कानूनों को काला कानून बताया था। यूपीए-2 में बहुत सारी ऐसी बातें देखने को मिली थी। इस दौरान देश की संपदा को लूटा गया। उस पर उन्हें शर्म आनी चाहिए। जब प्रधानमंत्री भ्रष्टाचार को खत्म करने की बात करते हैं तो वो बोलते हैं कि ये लोकतंत्र पर प्रहार है।"

उन्होंने ईडी और सीबीआई जांच का जिक्र करते हुए कहा, "केंद्रीय एजेंसियां जब भी किसी मामले की जांच करती है तो विपक्ष के नेता कहते हैं कि लोकतंत्र की हत्या हो रही है। मैं कांग्रेस और राहुल गांधी से यही कहना चाहता हूं कि वह लोकतंत्र के नाम पर भ्रष्टाचार का समर्थन नहीं करें। 60 से 70 साल के बीच उन्होंने सरकार में रहकर देश की संपदा को लूटने का काम किया है। उन्हें एक-एक पाई का हिसाब देना होगा।"



पुडुचेरी के उपराज्यपाल के. कैलाशनाथन प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से भेंट करते हुए

### मलेशियाई प्रधानमंत्री तीन दिवसीय यात्रा पर आज भारत पहुंचेंगे

**नई दिल्ली। मलेशिया** के प्रधानमंत्री अनवर बिन इब्राहिम सोमवार को भारत की तीन दिवसीय 'राजकीय यात्रा' पर आ रहे हैं।

भारत के विदेश मंत्रालय (एमईए) ने एक बयान में कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के निमंत्रण पर अनवर इब्राहिम 19 से 21 अगस्त तक भारत की राजकीय यात्रा पर रहेंगे।

विदेश मंत्रालय ने कहा कि मलेशिया के प्रधानमंत्री के रूप में यह उनकी पहली भारत यात्रा होगी।

## लैटरल एंट्री को लेकर राहुल गांधी ने फिर साधा केंद्र सरकार पर निशाना



**नई दिल्ली**

**लैटरल एंट्री** को लेकर मचे सियासी बवाल के बीच एक बार फिर कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने केंद्र सरकार पर निशाना साधा है। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार अपने इस कदम से दलितों के हितों पर कुठाराघात करना चाहती है।

कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने अपने सोशल मीडिया एक्स हैंडल पर इस संबंध में पोस्ट किया। इसमें उन्होंने कहा, ह्ललैटरल एंट्री दलित, ओबीसी और आदिवासियों पर हमला है। भाजपा का राम राज्य का विकृत संस्करण संविधान को नष्ट करना और बहुजनों से आरक्षण छीनना चाहता है।

यूं तो कांग्रेस नेता शुरू से ही दलितों, ओबीसी और आदिवासियों के मुद्दे को लेकर मोदी सरकार पर हमलावर रहे हैं, लेकिन पिछले कुछ दिनों से ह्यलैटरल एंट्रीह्न को लेकर हंगामा बरप रहा है, जिसे लेकर राहुल गांधी ने केंद्र सरकार को आड़े हाथों लिया है। इस पर कई विपक्षी दलों ने मोदी सरकार पर निशाना साधा है। विपक्षी दल इसे संविधान पर कुठाराघात करार दे रहे हैं। आइए, जरा आगे समझते हैं कि आखिर लैटरल एंट्री है क्या?

दरअसल, मुख्तलिफ मंत्रालयों में सचिव, उपसचिव सहित अन्य पदों पर अधिकारियों की भर्ती यूपीएससी एग्जाम से होती है। इसे देश की सर्वाधिक कठिन परीक्षा माना जाता है।

जिसमें सफल होना निसंदेह किसी भी परीक्षार्थी के लिए चुनौतीपूर्ण होता है। इस परीक्षा का आयोजन प्रतिवर्ष होता है। इसमें लाखों विद्यार्थी कई वर्षों के कठिन परिश्रम के बाद हिस्सा लेने की हिम्मत जुटा पाते हैं।

### हरियाणा : रक्षाबंधन पर विनेश फोगाट ने भाई हरविंद्र को बांधी राखी, मिला गिफ्ट

**चरखी दादरी**

**देशभर में** सोमवार को रक्षाबंधन का पर्व धूमधाम से मनाया जा रहा है। भारतीय महिला पहलवान विनेश फोगाट ने इस अवसर पर अपने भाई हरविंद्र को राखी बांधी। इसके बदले उनको गिफ्ट भी मिला। दोनों भाई-बहन का वीडियो सामने आया है।

इस वीडियो में हरियाणा के चरखी दादरी बलाली गांव से भारत की स्टार महिला पहलवान विनेश फोगाट और उनके भाई हरविंद्र दिख रहे हैं। विनेश ने हरविंद्र को राखी बांधी और राखी बंधवाने के बाद भाई हरविंद्र ने उनको 500 के नोटों की गड्डी गिफ्ट दी।

वीडियो में विनेश फोगाट ने मजाकिया अंदाज कहा, मैं 30 साल की हो गई हूं।

पिछले साल इसने 500 रुपए दिए थे। उन्होंने मजाकिया अंदाज में पैसे दिखाते हुए कहा कि इसने पूरी जिंदगी में सिर्फ इतना ही कमाया है, जो मेरे हिस्से में आया है।

## AI पर सरकार का बड़ा फैसला

### अमेरिका-चीन देखता रह गया, पूरी दुनिया की होगी भारतीयों पर नजर

**नई दिल्ली**

**भारत** सरकार की तरफ से आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस पर काम किया जा रहा है। इसको लेकर अलग-अलग प्रकार के फैसले लिए भी जा रहे हैं। इसके लिए डेटा सेंटर तैयार करने से पहले Graphic Processing Unit (GPUs) भी तैयार किया जा रहा है। लेकिन इसमें अभी बहुत सारे फैसले लेने बाकि हैं। क्योंकि चीन और अमेरिका अभी तक अकमार्केट में की प्लेयर के तौर पर निकलकर सामने आ रहे हैं और दोनों ही देश इस



तकनीक पर लगातार काम भी कर रहे हैं।

अक को तैयार करने में GPU का बहुत अहम रोल होता है और इसके लिए भी मोदी सरकार की तरफ से आगे भी रणनीति तैयार की जा रही है। आज हम आप इससे संबंधित जानकारी देने वाले हैं जो आपको ये समझने में काफी मदद करेगी कि भारत सरकार इसके लिए आगे की रणनीति कैसे तैयार कर रही है।

GPU पर फैसला-

भारत सरकार की तरफ से केवल India-Incorporated कंपनियों को भी ऋढव टेंडर प्रोसेस में हिस्सा लेने की इजाजत दी जाएगी।

यानी ऐसी कोई भी विदेशी कंपनी इस बिड में हिस्सा नहीं ले सकती है जिसका भारतीय कंपनी के साथ लेना देना नहीं है। अगर ऐसा होता है तो कहा जा सकता है ।

## आरआरबी को क्लस्टर गतिविधियों के उपयुक्त एमएसएमई उत्पाद तैयार करने चाहिए- सीतारमण

**नई दिल्ली**

**केंद्रीय** वित्त और कॉर्पोरेट कार्य मंत्री निर्मला सीतारमण ने क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों (आरआरबी) की समीक्षा के लिए आयोजित बैठक की अध्यक्षता की। बैठक में वित्तीय सेवा विभाग (डीएफएस) के मनोनीत सचिव, अतिरिक्त सचिव, डीएफएस के अन्य वरिष्ठ अधिकारी, आरबीआई, सिडबी, नाबार्ड के प्रतिनिधि, आरआरबी के अध्यक्ष और प्रायोजक बैंकों के सीईओ भी शामिल हुए।

सभी 43 आरआरबी की उपस्थिति के साथ बैठक में कारोबार प्रदर्शन, डिजिटल प्रौद्योगिकी सेवाओं को उन्नत करने और एमएसएमई क्लस्टरों में व्यवसाय वृद्धि को बढ़ावा देने पर ध्यान केंद्रित किया गया।

ग्रामीण अर्थव्यवस्था को समर्थन देने में आरआरबी की महत्वपूर्ण भूमिका को




रेखांकित करते हुए, केंद्रीय वित्त मंत्री ने आरआरबी से आग्रह किया कि वे अपने प्रायोजक बैंकों के सक्रिय समर्थन से पीएम विश्वकर्मा और पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना जैसी विभिन्न योजनाओं के तहत ऋण स्वीकृत करते समय लाभार्थियों की स्पष्ट पहचान करने पर अधिक जोर दें। आरआरबी को जमीनी स्तर पर कृषि ऋण में अपनी हिस्सेदारी बढ़ाने का भी निर्देश दिया गया।

समीक्षा बैठक में एक प्रस्तुति के दौरान, श्रीमती सीतारमण ने 2022 में नियमित समीक्षा शुरू होने के बाद से अपने वित्तीय प्रदर्शन और प्रौद्योगिकी उन्नयन में सुधार के लिए आरआरबी की सराहना की और ग्रामीण बैंकों से भविष्य में भी इस गति को बनाये रखने का आग्रह किया। आरआरबी ने वित्त वर्ष 2023-24 में 7,571 करोड़ रुपये का अब तक का सबसे अधिक समेकित शुद्ध लाभ दर्ज किया है। सकल गैर-निष्पादित परिसंपत्ति (जीएनपीए) अनुपात 6.1% है, जो पिछले 10 वर्षों में सबसे कम है।

समीक्षा बैठक के दौरान, केंद्रीय वित्त मंत्री ने रेखांकित किया कि सभी आरआरबी के पास प्रासंगिक बने रहने के लिए अपनी खुद की अद्यतन प्रौद्योगिकी होनी चाहिए और कहा कि मोबाइल बैंकिंग जैसी डिजिटल बैंकिंग सेवाएँ उन स्थानों के लिए वरदान साबित होंगी।

## अखिलेश यादव और केशव प्रसाद मौर्य के बीच चल रहे वाक युद्ध में कांग्रेस कूदी

**लखनऊ, समाजवादी** पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव और उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य के बीच चल रहे वार-पलटवार के बीच अब कांग्रेस भी इसमें कूद गई है।

समाजवादी पार्टी (सपा) के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर लिखा कि कोई ह्यउपह्न डबल हार के ह्यउपहारह्न के बाद भी डबल इंजन का प्रशंसा-प्रमाणपत्र बांट रहे हैं। अगर माननीय सही काम कर रहे



होते तो दो ह्यउप मुख्यमंत्रीह्न की क्या जरूरत पड़ती। इसका मतलब या तो वो सही काम नहीं कर रहे हैं या फिर बाकी दो बेकाम हैं, नाकाम हैं, और उनका काम दरबारी चारण की तरह करना बस स्तुतिगान है। अगर उप सच में उपयोगी होते, तो दिल्ली के मंडल में भी होने चाहिए थे, परंतु हैं नहीं। इसका जवाब देंगे ह्यउपह्न या रहेंगे ह्यचुपह्न?

उधर सपा मुखिया और उपमुख्यमंत्री के बीच चल रहे वाक युद्ध में अब कांग्रेस भी कूद गई है। कांग्रेस के प्रवक्ता अंशू अवस्थी का कहना है

कि यह पहली बार नहीं जब उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने पिछड़ों के हितों और उनके अधिकारों से समझौता कर सरेंडर किया है।

## उत्तराधिकारी के चयन में मात खा गए हेमंत और नीतीश, सबसे होशियार निकले लालू यादव- अरविंद

**रांची: संकट** मोल लेना कहावत सबने सुनी होगी। अपने-अपने हिसाब से लोग इसे आजमाते भी रहे होंगे। मगर, राजनीति में ऐसे संकट की गुंजाइश कम ही रहती है। इसलिए कि राजनीति के 'खिलाड़ी' अपने को धुरंधर मानते हैं। अपनी चालाकी पर उन्हें गर्व भी होता है। झारखंड में हेमंत सोरेन जब जमीन घोटाले में जेल गए तो उन्होंने भी अपने हिसाब से चालाकी ही की। लेकिन, उनकी चालाकी काम न आई। उल्टे उन्हें ये महंगी पड़ गई।

कल्पना को सीएम न बनाना हेमंत की बड़ी भूल!

हेमंत सोरेन को जब यह आभास हो गया था कि उन्हें प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) से राहत नहीं मिलने वाली है तो उन्होंने चालाकी की। पहले इंडिया एलायंस के विधायकों की बैठक बुला कर सादे कागज पर सबके हस्ताक्षर ले लिए। उनके मन में था कि जेल जाने की स्थिति में सीएम पद के लिए अपने किसी खास को नामित करेंगे। उनके मन में बिहार के पूर्व सीएम लालू प्रसाद यादव का आइडिया आया। अपनी पत्नी कल्पना सोरेन को वे अपना उत्तराधिकारी बनाना चाहते थे। यह बात कई दिनों से मीडिया की सुर्खियां बन रही थी। हेमंत ने इसका तकनीकी हल भी निकाल लिया था। गिरिडीह के विधायक से इस्तीफा लेकर स्थान रिक्त करा लिया, ताकि कल्पना सोरेन को उस सीट से चुनाव लड़ा कर विधायक बनाया जा सके। कल्पना सोरेन तब सदन की सदस्य नहीं थीं और सीएम बनने पर उन्हें छह माह के अंदर सदन का सदस्य होना आवश्यक होता।

कल्पना सोरेन ने अपनी काबिलियत भी दिखा दी

सब कुछ योजनबद्ध तरीके से पटरी पर चल रहा था। ऐन वक्त पर हेमंत की मति मारी गई। उन्हें लगा कि कल्पना सीएम बनीं तो पार्टी की एकजुटता में व्यवधान आ सकता है। सामने लोकसभा का चुनाव था। पिता शिबू सोरेन की सलाह पर उन्होंने उनके सबसे विश्वसनीय व्यक्ति के रूप में चंपाई सोरेन को कल्पना की जगह सीएम बनाने का फैसला कर लिया। हेमंत सोरेन जेल चले गए। पार्टी की कमान बिना किसी पद और हसियत के कल्पना सोरेन ने संभाली। इसका परिणाम भी सुखद आया। लोकसभा चुनाव में इंडिया ब्लॉक के पांच उम्मीदवार जीत गए। सबसे चौंकाऊ परिणाम कल्पना सोरेन के खाते में दुमका का रहा, जहां उन्होंने अपनी



जेठानी सीता सोरेन को हराने में पार्टी उम्मीदवार की खुल कर मदद कीं।

जनादेश से मुख्यमंत्री नहीं बने थे चंपाई सोरेन

ये सभी जानते हैं कि चंपाई सोरेन खड़ाऊं सीएम थे। उन्हें सीएम के लिए जनादेश नहीं मिला था। हेमंत सोरेन की दया पर वे सीएम बने। हेमंत ने चंपई सोरेन पर अपनी पत्नी से अधिक भरोसा किया। चंपई भी यह जानते थे कि वे तभी तक सीएम की कुर्सी पर हैं, जब तक हेमंत सोरेन जेल से बाहर नहीं आ जाते। उन्हें पद पर रहते ऐसी ऐंठ थी कि वे जनादेश लेकर आए सीएम हैं।

इखढ में चंपाई सोरेन की एंट्री कितना फायदा? उट पद के दावेदारों में बढ़ेगी रेस, मरांडी और मुंडा पहले से कतार में

कुर्सी पर बैठते ही चंपाई सोरेन को आया घमंड

रामचरित मानस में गोस्वामी तुलसी दास ने सही लिखा है- प्रभुता पाई काहि मद नाहीं। सीएम की कुर्सी पर बैठते ही चंपाई सोरेन में भी ये अवगुण आ गया था। इसे इसी बात से समझा जा सकता है कि जिस हेमंत सोरेन ने उन्हें सीएम की कुर्सी पर बैठने का अवसर दिया, उनकी जेल से रिहाई के दिन चंपाई सोरेन कैबिनेट की बैठक में व्यस्त थे। उन्होंने इतनी भी औपचारिकता नहीं समझी कि अपने नेता की अगवानी करने वे भी जाएं। खैर, जिस तरह हेमंत ने उन्हें सीएम बनाया था, उसी अंदाज में उन्हें कुर्सी छोड़ने को कहा भी। ये चंपाई सोरेन को नागवार लगा। वे इसे अपना अपमान मान रहे हैं।

चंपाई दा आप टाइगर थे, टाइगर हैं...!

जीतन राम मांझी ने कर दिया ठऊअ में स्वागत

नीतीश ने भी हेमंत जैसी ही कर दी थी गलती

हेमंत सोरेन जैसी ही गलती बिहार में नीतीश कुमार ने भी की थी। जीतन राम मांझी को उन्होंने सीएम बनाया तो वे अपने को ठीक उसी तरह का सीएम मान बैठे, जैसे जनादेश मिला हो। चंपाई ने तो आसानी से कुर्सी छोड़ भी दी, मांझी ने तो इसके लिए काफी नाटक भी किया था। वे इससे इतने नाराज हुए कि नीतीश से अलग होकर अलग अपनी पार्टी ही बना ली। शायद यही वजह है कि जीतन राम मांझी ने उनकी ही स्टाइल में नाराज हुए चंपाई सोरेन का एनडीए में आने से पहले ही स्वागत कर दिया है। उन्होंने कहा है कि चंपाई सोरेन टाइगर थे, टाइगर हैं और एनडीए में भी टाइगर ही रहेंगे।

# आखिरी सोमवार को अरैल सोमेश्वर महादेव मंदिर में जुटी भक्तो की भीड़

## सुरक्षा के मद्देनजर पुलिस प्रशासन के साथ एसपीओ टीम रही तैनात

**अखंड भारत संदेश**

**नैनी।** नैनी सावन माह के आखिरी सोमवार को नैनी कोतवाली अंतर्गत अरैल सोमेश्वर महादेव मंदिर में सुबह से ही भक्तजन एवं श्रद्धालु जल अभिषेक करने के लिए लाइन में लगे रहे। शांति सुरक्षा व्यवस्था एवं भीड़भाड़ को नियंत्रित करने के लिए नैनी कोतवाली की पुलिस मौके पर तैनात रही।

वहीं पुलिस प्रशाशन के साथ सावन माह में भक्तों एवं श्रद्धालुओं के आवागमन पर सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने के लिए प्रत्येक वर्ष की भांति सावन माह को सम्पन्न कराने के लिए पुलिस उपायुक्त यमुनानगर एसीपी करछना उपजिलाधिकारी करछना एवं नैनी कोतवाली प्रभारी के आदेशानुसार विशेष पुलिस अधिकारी एसपीओ पुलिस मित्र टीम के प्रभारी अभयराज सिंह उप प्रभारी परवेज़ अहमद के निर्देश पर अरैल घाट स्थित सोमेश्वर महादेव मंदिर परिसर में स्थानीय पुलिस प्रशासन के साथ एसपीओ टीम के एरिया इंचार्ज प्रदीप कुमार के नेतृत्व में सभी सदस्यों की ड्यूटी सुबह से लगाई गई।



सभी एसपीओ टीम के जवान मौके पर पहुंच कर अपना कर्तव्य तथा दायित्व निभाते हुए ड्यूटी पर तैनात रहे। सावन माह के प्रथम सोमवार से लेकर आखिरी सोमवार तक लगातार प्रशाशन के साथ एसपीओ टीम सेवा सहयोग में जुटी रही। वहीं एसपीओ प्रभारी अभय राज सिंह ने पूरी टीम को धन्यवाद देते हुए सभी को रक्षाबंधन पर्व की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दीं।



इस दौरान एसपीओ प्रभारी अभयराज सिंह उप प्रभारी परवेज़ अहमद जनसंपर्क अधिकारी शेख लियाकत अली संगठन सचिव रविन्द्र सिंह थाना कमेटी प्रभारी रवि मिश्रा मीडिया प्रभारी वीरेंद्र पटेल एरिया इंचार्ज प्रदीप कुमार रामजी जायसवाल दिनेश केसरवानी रामजी गौड़ सुशील शर्मा संजीव वर्मा सलीम रहमान नौशाद अहमद मो फिरोज आदि सदस्यगण मौजूद रहे।

# बहनों ने भाइयों को तिलक लगाकर कलाई में बांधी रक्षा का सूत

**अखंड भारत संदेश**

**सहसों।** प्रेम और सौहार्द से परिपूर्ण सनातन संस्कृति में रक्षा बंधन सबसे प्रिय भारतीय त्योहारों में से एक है। यह भाई-बहनों के बीच के रक्षा रूपी प्रेम का बंधन का उत्सव है। रंग-बिरंगे धागों में पिरोए गए आधुनिक राखियां एवं सोने चांदी की अलंकृत रखियों के साथ कलाई पर सुशोभित रिश्ते की भावनाओं का प्रतीक है भाई-बहनों के बीच एकता को मजबूत करता है। इस मौके पर आचार्य ओम प्रकाश शास्त्री ने बताया कि यह परंपरा आदिकाल से चला आ रहा है जिसमें पहले पुरोहित द्वारा अपने यजमानों की रक्षा एवं शुख समृद्धि के लिए रक्षा सूत बांधा जाता था। परंतु इसका प्रचलन महारानी कर्मावती द्वारा मुगल शासक हुमायूं को भाई मानकर अपनी रक्षा हेतु राखी भेजी थी तब से रक्षाबंधन यानी राखी त्योहार मनाया जाने लगा। बहने इस दिन भाइयों के मस्तक पर रोली कुमकुम का तिलक लगाकर कलाई में रक्षा सूत बांधकर दुनिया भर की खुशियां, सफलता और अच्छे स्वास्थ्य तथा हमेशा एक दूसरे के सुख दुःख में साथ रहने की कामना किया। साथ ही इस वादे के रूप में की हमारा प्रेम और सुरक्षा का यह बंधन सदैव मजबूत बना रहे। भाई बहनों ने इस त्यौहार को बड़े ही उत्साह एवं हर्षोल्लास के साथ मनाया। इस त्यौहार पर तरह-तरह की रंग बिरंगी राखियों की दुकान एवं किस्म किस्म की मिष्ठान की दुकानों पर बहनों द्वारा खरीदारी के लिए भीड़ लगी लगी रही और बाजार भी गुलजार रहा। तो जहां भाई अपने बहन के घर राखी बंथवाने के लिए गए तो वहीं बहने भी रक्षा हेतु भाइयों को राखी बांधने के लिए घर से अपने गंतव्य को निकल पड़ी।



# धूमधाम के साथ मनाया गया रक्षा बंधन का त्योहार

**अखंड भारत संदेश**

**कौंधियारा।** ग्रामीण इलाकों में भाई-बहन के अटूट प्रेम का त्योहार रक्षा बंधन सोमवार को धूमधाम के साथ मनाया गया। रक्षा बंधन को लेकर बहनों में काफी उत्साह दिखा। सुबह से ही तैयार होकर भाईयों का इंतजार करते दिखी। जैसे ही भाई पहुंचे तो उनका उत्साह से स्वागत किया। बहनें थाल में तिलक, फूल, दूब, राखी व दीये के साथ मिठाई सजाकर आसन पर भाईयों को बिठाया। इसके बाद भाईयों को तिलक लगाकर पूजा की प्रक्रिया पूरी किया। साथ ही बहनों ने भाई की कलाई पर रक्षा सूत्र बांधकर दीर्घायु होने की कामना की। और मिठाई खिलाकर मुंह मीठा कराया। इस दौरान भाईयों ने भी बहनों को रक्षा का वचन दिया। और उपहार देकर बहनों की खुशियों को दोगुना कर दिया। यह सिलसिला सुबह से देर शाम तक चलता रहा। इस अवसर पर बस, टेंपो समेत अन्य वाहनों में भी काफी भीड़ रही। बहनों ने अपने भाईयों के पास जाकर राखी बांधी। साथ ही भाई के दीर्घायु होने की कामना की। दिन भर बाजारो में चहल पहल बनी रही।



## बाइक पर चार पहिया वाहन ने चढा कर क्षतिग्रस्त कर दिया मुकदमा दर्ज

**अखंड भारत संदेश**

**मऊआइमा।** दुकान के सामने बाइक खडी किए था कि चार पहिया वाहन ने जोरदार टक्कर मार कर क्षतिग्रस्त कर दिया। मुकदमा दर्ज कराया गया है।मऊआइमा थाना क्षेत्र के ग्राम रामनगर गंसियारी निवासी अशोक कुमार पुत्र राम कैलाश का कहना है कि वह फोरलेन के निकट अपनी मिठाई की दुकान के सामने बाइक खडी किए हुए था। आरोप है कि चार पहिया वाहन ने जोरदार टक्कर मारते हुए बाइक को क्षतिग्रस्त कर दिया। जिससे उसका तीस हजार रुपए की बाइक बर्बाद हो गई। अशोक कुमार चार पहिया वाहन चालक अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज करा दिया है।

# ज्ञानदीप इंटरनेशनल स्कूल द्वारा रक्षाबंधन समारोह का भव्य आयोजन

**अखंड भारत संदेश**

**सिरसा/प्रयागराज।** मेजा क्षेत्र ब्लाक उरुवा के अंतर्गत रामनगर, केवटहिया ज्ञानदीप इंटरनेशनल स्कूल के छात्रों ने इस वर्ष भी परंपरा का निर्वहन करते हुए, भव्य राखी का निर्माण किया और उसे शक्ति पीठ माँ शीतला जी धाम में अर्पित किया। इस विशेष राखी को मिस आर्तिका मैम के कुशल मार्गदर्शन में छात्रों के एक समर्पित समूह—जिसमें एंजेल तिवारी, नेहा वर्मा, और अन्य कई प्रतिभावान बच्चे शामिल थे, ने मिलकर तैयार किया। रक्षाबंधन के इस पवित्र अवसर पर, मां शीतला धाम में मिस्टर अमितेश सर, श्रुति मैम, और छात्रों के एक उत्साही समूह—जिसमें सूर्य यादव, नितिन यादव, एंजेल तिवारी, अमन यादव, नैतिक यादव, नेहा, अंजली आदि प्रमुख थे, ने इस राखी को अर्पित किया। इस अनुष्ठान में विद्यार्थियों और शिक्षकों ने मां शीतला से आशीर्वाद की कामना की और भक्ति भाव से रक्षाबंधन की सार्थकता को प्रकट किया।ज्ञानदीप इंटरनेशनल स्कूल के निदेशक, डॉक्टर नीरज कुमार (डेंटल सर्जन) के नेतृत्व में इस आयोजन को सफलता पूर्वक संपन्न किया गया। बच्चों ने अपनी रचनात्मकता और समर्पण से राखी तैयार की और उसे बड़े श्रद्धा भाव से शक्ति पीठ मां शीतला माता जी को अर्पित किया। इस अवसर पर डॉक्टर नीरज कुमार ने बच्चों को भारतीय परंपराओं और सांस्कृतिक धरोहरों के महत्व से अवगत कराते हुए, उन्हें अपने सांस्कृतिक मूल्यों के प्रति सदैव सजग रहने का संदेश दिया। इस पवित्र आयोजन में विद्यालय के वरिष्ठ शिक्षक और शिक्षिकाए शेष नाथ तिवारी, अजीत, विनीत, दीप चंद, आभास, शर्मा, के.के. दुबे, श्रुति मैम, प्रीति मैम, जागृति सेठ मैम, कामिनी मैम, अंशि दुबे मैम, सौम्या मैम, आदि ने अपनी उपस्थिति से इस आयोजन की गरिमा बढ़ाई। रक्षाबंधन समारोह ने छात्रों के भीतर न केवल सांस्कृतिक मूल्यों का संचार किया बल्कि विद्यालय और समुदाय के बीच एक सुदृढ़ संबंध की भी स्थापना की। स्कूल के निर्देशक डॉक्टर नीरज कुमार ने सभी छात्र एवं छत्राओं एवं विद्यालय के शिक्षकों एवं शिक्षिकाओं और सभी प्रदेशवासियों को रक्षाबंधन पर सभी को हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं दिए।



## मेजा एसीपी को ज्ञापन देकर विरोध प्रदर्शन की मांगी अनुमति

**अखंड भारत संदेश**

**मांडा, प्रयागराज।** अनुसूचित जाति /अनुसूची जनजाति के आरक्षण में वर्गीकरण के मुद्दे को लेकर बहुजन समाज पार्टी के पूर्व जिला सचिव चंद्रकांत गौतम ने सोमवार को अपने पदाधिकारियों के साथ मेजा सहायक पुलिस आयुक्त से मिलकर विरोध प्रदर्शन की अनुमति मांगी । इस दौरान उन्होंने पत्रकारों को अवगत कराते हुए कहा कि राष्ट् व्यापी आंदोलन भारत बंद कार्यक्रम के तहत मेजा क्षेत्र की तरफ से 21 अगस्त 2024 को मेजा रोड पावर हाउस ओवर ब्रिज से विरोध प्रदर्शन शुरू होकर प्रयागराज राष्ट्रीय मार्ग से मिर्जापुर की तरफ मांण्डा रोड, नहवाई तक संवैधानिक एवं शांतिपूर्ण ढंग से विरोध प्रदर्शन करने के लिए ज्ञापन देकर अनुमति मांगी । इस दौरान मुख्य रूप से अधिवक्ता अनिल गौतम, आनंद गौतम आदि मौजूद रहे।



# औद्योगिक क्षेत्र की पुलिस ने चार पेशेवर शातिर चोरो को किया गिरफ्तार

**अखंड भारत संदेश**

**नैनी।** नैनी औद्योगिक क्षेत्र की पुलिस ने मुखबीर की खास सूचना पर चोरी के सामान एवं प्रयोग वाहनों के साथ चार लोगों को गिरफ्तार किया है।

पुलिस के अनुसार पकड़े गए सभी अभियुक्त पेशेवर चोर है।उनकी विरुद्ध संबंधित मुकदमा दर्ज मुकदमे में विधीक कार्यवाही की गई। उक्त गिरफ्तारी कार्यवाही में औद्योगिक क्षेत्र थानाध्यक्ष महेश मिश्र के कुशल नेतृत्व में उनकी पुलिस द्वारा अपराधियो के विरुद्ध लगातार कार्यवाही की जा रही हैं। इसी क्रम में उनकी पुलिस फोर्स द्वारा सुरक्षा गश्त के दौरान मुखबीर की खास सूचना पर सरस्वती हाईटेक सीटी सड़वा आईटीआई कालोनी बाउंड्री के पीछे चोरी के 39 एम्पलीफायर मय स्टेपलाइजर घटना में प्रयुक्त एक इ रिक्शा व टाटा पिकप के साथ चार पेशेवर चार चोरों को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार होने चोरों की पहचाना सुनील कुमार पुत्र स्व0 कैलाश त्रिवेणी नगर हरिजन बस्ती नैनी, व रवि बंशल पुत्र रमेश व रिंकू बंशकार पुत्र राकेश निवासीगण त्रिवेणी नगर नैनी तथा रामेश पुत्र कमलेश ग्राम महुवारी औद्योगिक क्षेत्र प्रयागराज के रूप में हुई। उक्त बरामदगी के आधार पर पुलिस ने थाना स्थानीय पर मुकदमा अपराध संख्या 159/24 धारा 305/317(2)331(4) पंजीकृत कर आगे की विधीक कार्यवाही की गयी।

## पुरानी रंजिश में युवक को मार पीट कर लहुलुहान कर दिया गया मुकदमा दर्ज

**अखंड भारत संदेश**

**प्रयागराज।** मऊआइमा थाना क्षेत्र के ग्राम अलावलपुर निवासी रितेश यादव पुत्र फूलचंद्र दूध लेकर जा रहा था आरोप है कि रास्ते मे ब्लाक चौराहे के पास रोक रितेश यादव को मार पीट कर लहुलुहान कर दिया गया। रितेश ने मऊआइमा थाने में विष्णु, राजेश,अजब,साहिल के खिलाफ मुकदमा दर्ज करा दिया है।

## रक्षा बंधन का पर्व धूमधाम से मनाया गया, मंहगाई की मार से बहनें भाई प्रभावित दिखे

**अखंड भारत संदेश**

**कोरांव/प्रयागराज।** रक्षा बंधन का पर्व क्षेत्र में धूमधाम से मनाया गया। बहनें अपने भाइयों को राखी बांधने के लिए दूर दूर से आती जाती दिखीं। सक्षम और अक्षम तबके के लोगों ने इस मंहगाई में अपने अपने पवित्र रिश्ते को निभाया,राखियां बांधी मिठाइयां खिलाई। बहनें अपने भाइयों के लिए दीर्घायु की कामनायें की।



## रक्षाबंधन त्योहार पर करछना बाजार में भीषण जाम? में घंटों फंसे रहे लोग

**अखंड भारत संदेश**

**करछना/प्रयागराज।** रक्षाबंधन त्यौहार के पर्व पर सड़क बाजार मिठाई की दुकानों हैण्ड लूम साड़ी कपड़े की दुकानों पर भारी भीड़ देखने को मिली करछना कोहडार घाट मार्ग पर देर शाम राखी बांधने जा रहे भाई-बहनों के रिश्ते को निभाने के लिए सड़कों पर भीषण जाम की स्थिति घंटों बनी रही जिसको सुचारू से चालू करने में करछना पुलिस को भारी मशक्कत करनी पड़ी तहसील मुख्यालय के पास बाजार में सकरे रास्ते से निकलने को लोग मजबूर रहे मार्ग पर घंटो जाम से राखी बांधने जा रहे लोग घंटों भीड़ के जाम में फंसे रहे जिसको पुलिस प्रशासन द्वारा कड़ी मशक्कत करके जाम का रास्ता पदस्थ किया



# प्रधानाचार्य व सहायक अध्यापक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज

## शिक्षक को आत्महत्या के लिए उकसाने का मामला

**अखंड भारत संदेश**

**झूंसी।** गंगा में कूदे गांधी इंटर कॉलेज के शिक्षक करुणा शंकर शुक्ला की पत्नी की तहरीर पर दारागंज पुलिस ने घटना के तीन दिन बाद रविवार को स्कूल के प्रधानाचार्य व सहायक अध्यापक के खिलाफ आत्महत्या के लिए उकसाने का मामला दर्ज कर लिया।

गंगा में कूदे करुणा शंकर शुक्ला की पत्नी माधवी शुक्ला ने दारागंज पुलिस से लिखित शिकायत किया था कि प्रधानाचार्य जय प्रकाश वर्मा व सहायक अध्यापक अरविंद वर्मा उनके पति को तरह-तरह के आरोप लगाकर प्रताड़ित कर रहे थे उनकी सैलरी भी रोकी गई जिससे वह बेहद परेशान रहने लगे थे और बीमारी की भी चपेट में आ गए। बतादे की प्रतापगढ़ थाना उदयपुर के राम प्रसाद का पुरवा गांव निवासी करुणा शंकर शुक्ला झूंसी के पटेल नगर स्थित गांधी इंटर कॉलेज में प्रवक्ता थे 4 साल तक के विद्यालय के प्रधानाचार्य भी रहे आरोप है कि इसके बाद इन्हें हटा दिया गया था। शुक्रवार को उनकी पत्नी माधवी इन्हें इलाज के लिए एसआरएन ले जा रही थी तभी यह शास्त्री पुल से गंगा में छलांग लगा दी थी। शनिवार को एनडीआरएफ व जल पुलिस ने कड़ी मशक्कत के बाद नैनी के अरैल से करुणा शंकर का शव बरामद कर पोस्टमार्टम कराया। घटना से साथी शिक्षकों में आक्रोश है संगठन के मंडलीय मंत्री अनुज पांडेय ने करुणा शंकर के प्रति प्रधानाचार्य का व्यवहार वैमनस्य पूर्ण बताया।







# जमुना नगर मोहल्ले में पानी भरने से लोगों को मुसीबत

## नैनी स्टेशन रोड पर सड़क चौड़ीकरण के कारण अभी तक नाली का निर्माण नहीं कराया गया इस कारण रोड का पानी गली में भर जाता है

**अखंड भारत संदेश**

**नैनी।** नैनी क्षेत्र के चक रघुनाथ जमुना नगर मोहल्ले में थोड़ा सा भी पानी बरसता है तो लोगों के घरों में पानी घुस जाता है। यहां लोगों का आरोप है कि जमुना नगर मोहल्ले में 50 साल पुरानी सीवर लाइन है। क्षमता के अनुरूप सीवर लाइन न होने के कारण यहां समस्या हमेशा बनी रहती है। डाँ मोनू केसरवानी सोनू विश्वकर्मा गुलफाम राकेश शर्मा स्थानीय लोगों का आरोप है कि सड़क चौड़ीकरण के कारण नैनी स्टेशन रोड पर अभी तक नाली का निर्माण नहीं कराया गया इस कारण रोड का पानी गली में भर जाता है वही डॉक्टर मोनू केसरवानी बताते हैं कि जमुना नगर की गाली ऐसी है कि इस गली से चारों तरफ लोग निकल सकते हैं जैसे कि मिर्जापुर रोड से इंडिया होटल की गली में घुसकर कर नैनी बाजार स्टेशन रोड राम मंदिर हनुमान नगर में। वहीं लोगों की शिकायत पर जल संस्थान द्वारा मोटर लगवा कर पानी निकलवाया जाता है।



## छोटे भाई मंटू सिंह को बहन आर्या ने रक्षाबंधन पर्व पर बाधा रक्षासूत्र

**अखंड भारत संदेश**

**करछना/प्रयागराज ।** रक्षाबंधन पर्व पर बहनों ने अपने भाइयों को कलाइयों में रक्षा सूत्र बांधकर रक्षाबंधन पर्व को हर्षोल्लास के साथ मनाया क्षेत्र के विभिन्न स्थानों पर व अपने भाइयों के घर जाकर बहनों ने अपने भाइयों को विधि विधान पूर्वक से भाई के कलाई में रक्षा सूत्र बांधकर इस पर्व का हर्षोल्लास के साथ मनाया तथा वाहनों की रक्षा के लिए भाइयों ने भरोसा का दिलासा दिया और बहनों को आशीर्वाद दिया तथा बहनों ने भाइयों को आरती उतार कर चंदन टीका लगाकर अपनी रक्षा का भाइयों से सूत्र बांधकर राखी परंपरा को बखुबी ढंग से निभाया क्षेत्र के जीएस अकादमी धरवारा के छात्र बहनों ने छात्र भाइयों को रक्षा सूत्र बांधकर राखी का पर्व बड़े हर्षो उल्लास के साथ मनाया इसी तरीके घरों परिवार में बहनों ने तथा नव नौनिहाल बहनें अपने भाइयों को राखी का त्यौहार बड़े हर्ष उल्लास के साथ मनाया गया

# भाई और बहनों का पवित्र पर्व रक्षाबंधन सौहार्द पूर्वक मनाया

**अखंड भारत संदेश**

**करछना/प्रयागराज।** रक्षाबंधन पर्व पर बहनों ने अपने भाइयों को कलाइयों में रक्षा सूत्र बांधकर रक्षाबंधन पर्व को हर्षोल्लास के साथ मनाया क्षेत्र के विभिन्न स्थानों पर व अपने भाइयों के घर जाकर बहनों ने अपने भाइयों को विधि विधान पूर्वक से भाई के कलाई में रक्षा सूत्र बांधकर इस पर्व का हर्षोल्लास के साथ मनाया तथा वाहनों की रक्षा के लिए भाइयों ने भरोसा का दिलासा दिया और बहनों को आशीर्वाद दिया तथा बहनों ने भाइयों को आरती उतार कर चंदन टीका लगाकर अपनी रक्षा का भाइयों से सूत्र बांधकर राखी परंपरा को बखुबी ढंग से निभाया क्षेत्र के जीएस अकादमी धरवारा के छात्र बहनों ने छात्र भाइयों को रक्षा सूत्र बांधकर राखी का पर्व बड़े हर्षो उल्लास के साथ मनाया इसी तरीके घरों परिवार में बहनों ने तथा नव नौनिहाल बहनें अपने भाइयों को राखी का त्यौहार बड़े हर्ष उल्लास के साथ मनाया गया



# करंट की चपेट में आने से किशोर की मौत

**अखंड भारत संदेश**

**प्रयागराज।** उतरांव क्षेत्र के नीमी गांव में करंट की चपेट में आने से एक किशोर की मौत हो गई। वहीं किशोर की मौत से परिजनों में कोहराम मचा हुआ है। नीमी थाना उतराव निवासी श्याम जी वर्मा जो दिल्ली में एक प्राइवेट कंपनी में काम कर अपने परिवार का भरण पोषण करता है।

उनका बेटा विशाल वर्मा उम्र 15 वर्ष जो रोज की तरह खाना पीना खाकर रविवार की शाम अपने कमरे में सो गया। मध्य रात्रि कमरे में लगे टेबल फैन को घुमाने लगा इतने में करंट की चपेट में आ गया। काफी देर तक लिपटा रहा। सुबह 3:00 बजे उसकी मां रीता देवी कमरे में गई देखा तो उसका बेटा टेबल फैन से गिर पड़ा हुआ था।शोरगुल मचाई आसपास के लोग इकट्ठा हुए लेकिन तब तक किशोर विशाल वर्मा की मौत हो चुकी थी। मृतक विशाल वर्मा दसवीं का छात्र था जो नीमी थरिया स्थित केडी पब्लिक स्कूल में पढ़ता था। मृतक तीन भाइयों में दूसरे नंबर पर था। किशोर की मौत से परिजनों का रो रो कर बुरा हाल है।परिजनो ने इसकी सूचना पुलिस को दिए बिना दाह संस्कार कर दिया है।

## बड़ौदा बैंक की शाखा मऊआइमा में चैनल गेट तोड कर चोरी का असफल प्रयास

**मऊआइमा ।** मऊआइमा के सुल्तानपुर खास फोरलेन के निकट स्थित बड़ौदा उत्तर प्रदेश बैंक की शाखा में चोरो द्वारा चोरी का असफल प्रयास किया गया।शाखा प्रबंधक ने अज्ञात में मुकदमा दर्ज करा दिया है।प्राप्त जानकारी के अनुसार मऊआइमा थाना क्षेत्र के सुल्तानपुर खास हाईवे पर स्थित बड़ौदा उत्तर प्रदेश बैंक की शाखा मऊआइमा में बीती रात चोरों ने चैनल गेट तोड कर चोरी का असफल प्रयास किए। सोमवार को सुबह चैनल गेट खुला देख कर बैंक के मकान मालिक ने इसकी सूचना बैंक कर्मचारियों को दी।बैंक के शाखा प्रबंधक आर्यन राज ने इसकी सूचना पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने देखा कि चोरों ने चैनल गेट तोड कर अन्दर गए तिजोरी खोलने में असफल रहे तो सीसी कैमरे का मानिटरिंग तोड कर बैंक में फेंक दिए।

## अनियंत्रित पिकअप की जद मे आए बाइक सवार गंभीर रूप से घायल

**सहसों।** पिकअप गाड़ी की जद में आने से बाइक सवार दो भाई गंभीर रूप से घायल हो गए। जानकारी मिलने पर परिजन आनन-फानन में मौके पर पहुंचकर दोनों भाइयों को इलाज के लिए अस्पताल में उपचार के लिए भर्ती कराया है। उतरांव थाना क्षेत्र के बड़गांव गांव निवासी इंटर कॉलेज के पूर्व प्रधानाचार्य त्रिभुवन नाथ मिश्र (78) अपने छोटे भाई राजेश मिश्र (53) के साथ बाइक से सोमवार को सुबह झूंसी से अपने घर बड़गांव जा रहे थे। थाना सराय इनायत के सहसों पुलिस चौकी अंतर्गत सहसों बाईपास पर पहुंचते ही सब्जी लादकर जा रही अनियंत्रित पिकअप गाड़ी चालक ने बाइक में पीछे से टक्कर मार दिया। जिसमें दोनों लोग नीचे गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए।

# नैनी सेंट्रल जेल में भाइयों की सूनी कलाई पर रक्षा सुत्र बांधने पहुंची बहने

## कारागार प्रशासन ने सभी महिलाओं की कराई मिलाई

**अखंड भारत संदेश**

**नैनी/प्रयागराज।** नैनी सेन्ट्रल जेल और जिला जेल में बंद बंदियों यानी अपने भाइयों की कलाई पर प्यार का रक्षासूत्र बांधने के लिए बहनें सुबह से नैनी जेल पहुंच गयी। काफी इंतजार के बाद उनकी मिलाई का कार्यक्रम शुरु हुआ और वह अपने भाइयों की कलाई में राखी बांधकर उनकी रिहाई की ईश्वर से कामना की। नव निर्मित जिला कारागार प्रयागराज में सोमवार को रक्षाबंधन पर्व पर बड़ी संख्या में बहनें पहुंचीं। काफी इंतजार के बाद महिलाओं को जेल में बंद अपने भाइयों को राखी बांधने के लिए मिलवाया गया। इससे पूर्व सभी बंदी सेंट्रल जेल में रहते थे, जिससे वहां पर काफी भीड़ महिलाओं की हुआ करती थी। नैनी स्थित जिला कारागार प्रयागराज में लगभग चार हजार बंदी हैं, जो प्रयागराज के अलावा आसपास के जिलों से हैं। जिला जेल बनने के बाद यहां सेंट्रल जेल में शिफ्ट कर दिया गया।



रक्षाबंधन पर्व पर सुबह से ही महिलाओं का आना शुरू हो गया था। जेल प्रशासन ने सभी बहनों को उनके भाइयों से मिलाने की व्यवस्था कर रखी थी। बड़ी संख्या में पहुंचीं महिलाओं को कई शिफ्ट बंद केंद्रीय कारागार व जिला कारागार में प्रवेश दिया गया। उपवास रखकर पहुंचीं बहनें भाई की कलाई में राखी बांधने की उत्सुकता दिख रही थीं। बांदा, महोबा, चित्रकूट, प्रतापगढ़, कौशाम्बी सहित अन्य दूसरे जिलों से आई बहनों के चेहरे पर जरा सी भी थकावट नहीं थीं। उनके मन में था कि वह जल्द अपने भाई की सूनी कलाई में अपना प्यार बांध सकें। बाद में जब उन्हें जेल गेट के अंदर प्रवेश की अनुमति मिली तो उनके चेहरे और खिल गए। राखी बांधने के दौरान तमाम भाई एवं बहनों की आंखें नम थी। माहौल पूरी तरह से भावुक था। वापस लौटते समय बहनों के चेहरे की खुशी देखने लायक थी। इसी प्रकार सेंट्रल जेल में भी सैकड़ों बहनें राखी बांधने पहुंचीं थीं। यहां भी जेल प्रशासन ने सभी बहनों की मिलाई कराने की व्यवस्था की थी। सभी को जेल मैनुअल के तहत मिलाई कराई गई। केंद्रीय कारागार नैनी में कारागार में निरुद्ध अपने भाइयों से मुलाकात करने आई बहनों के लिए प्रशासन की तरफ से समुचित व्यवस्था की गई। जो बहनें राखियां मिठाई इत्यादि नहीं लाई थी उनको राखियां एवम मिठाइयां जेल प्रशासन की तरफ से निःशुल्क उपलब्ध करायी गयी। प्रथम पाली की मुलाकात में 182 महिलाये एवं 77 बच्चे एवं द्वितीय पाली में 212 महिलाये एवं 79 बच्चे मुलाकात करने आए एवं अपने भाइयों की कलाई पर राखियां बांधी।



## डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य की पत्नी की तबीयत अचानक बिगड़ी

### एसआरएन में कराया गया भर्ती

**अखंड भारत संदेश**

**प्रयागराज।** उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य की पत्नी की पत्नी राजकुमारी मौर्य की तबीयत रविवार की देर रात अचानक बिगड़ गई। लो ब्लड प्रेशर की शिकायत के बाद उन्हें एसआरएन अस्पताल में भर्ती कराया गया।

केशव प्रसाद मौर्य ही अपनी पत्नी को लेकर अस्पताल पहुंचे। उन्हें एसआरएन अस्पताल के कॉर्डियोलॉजी इमरजेंसी वार्ड में भर्ती कराया गया। यहां चिकित्सकों की टीम ने मोतीलाल नेहरू मेडिकल कॉलेज की प्राचार्य डॉ. वत्सला मिश्रा की देखरेख में उनका उपचार किया। चिकित्सकों ने बताया कि राजकुमारी मौर्य को ब्लड प्रेशर लो होने की वजह से बेचैनी की शिकायत थी। फिलहाल उनकी हालत में सुधार है। किसी प्रकार का कोई खतरा नहीं है। इस मौके पर तमाम भाजपा के नेता अस्पताल पहुंच गए।

## करंट की जद में आने से बकरी की मौत

**अखंड भारत संदेश**

**झूंसी।** छतनाग रोड एचआरआई के सामने भूमिगत केबल से करंट की चपेट में आने से बकरी की मौत हो गई तो चरवाहे प्रकाश निषाद को भी झटका लगा पर गनीमत रही कि वह बच गया। स्थानीय पार्षद शिवनारायण यादव ने घटिया केबल डालने व ठेकेदार पर लापरवाही का आरोप लगाया है।

कुंभ मेले के तहत सड़कों के चौड़ीकरण व नालो के निर्माण के साथ झूंसी में भूमिगत केबल का भी काम चल रहा है। अभी काम पूरा नही हुआ लेकिन हादसे होने शुरू हो गए।

सोमवार को एचआरआई के सामने लगे केबल बॉक्स से उतर रहे करंट की चपेट में आने से बकरी की मौत हो गई। पखारे भर पहले छतनाग पार्षद शिवनारायण यादव के घर के सामने भी भूमिगत केबल में धमाका हुआ था। ठीक करने पहुंचा लाइनमैन झुलस गया था पार्षद शिवनारायण यादव का आरोप है कि अधिकारियों की मिली भगत से ठेकेदार द्वारा अनिमियता की जा रही है। जिसकी शिकायत भी की गई पर कोई कार्यवाही नही हुई जिसकी वजह से बकरी की जान चली गई।

## महिला को घसीटा, पति समेत 6 गिरफ्तार

### ससुराल से पत्नी का बाल पकड़कर ले जा रहा था, मोहल्ले वालों ने बनाया था वीडियो

**अखंड भारत संदेश**



**प्रयागराज।** प्रयागराज में एक युवक अपनी पत्नी को ससुराल से घसीटते हुए ले जा रहा था, जिसका वीडियो वायरल हो गया। वीडियो में युवक अपनी पत्नी का बाल पकड़े हुए नजर आ रहा था। घटना के बाद पुलिस ने आरोपी पति मुकेश सोनी समेत 6 को गिरफ्तार कर लिया।

#### 3 गाड़ियों में आए बदमाश

हंडिया थाना क्षेत्र के बरौत स्थित पूरेगोबई गांव में महिला को उसके घर से घसीटकर ले जाने के लिए करीब 12 लोग तीन गाड़ियों में भरकर पहुंचे थे। घटना के दौरान बदमाशों ने महिला के परिजनों पर भी हमला किया। शिकायत मिलने के बाद गंगा नगर पुलिस ने भदोही के महाराजगंज में छापेमारी कर महिला को सुरक्षित बरामद किया। आरोपियों को पकड़ लिया।

# महिला से गैंगरेप,जेठ तीन दोस्तों के साथ घर में घुसा, खेत में ले जाकर दुष्कर्म किया

**अखंड भारत संदेश**

**प्रयागराज।** प्रयागराज में महिला के साथ गैंगरेप का मामला सामने आया है। उसका आरोप है कि जेठ और उसके दोस्त रात में नशे में उसके घर में घुस आये। उसे जबरन उठाकर खेत में ले गए। वहां पर उसके साथ गैंगरेप किया।

विरोध करने पर उसके साथ मारपीट की। शोर मचाने पर प्राइवेट पार्ट में सरिया से चोट पहुंचाया। जब उसकी तबीयत बिगड़ने लगी तो वे उसे छोड़कर भाग निकले।महिला रात भर खेत में बेहोशी की हालत में पड़ी रही। सुबह लोगों ने देखा तो पुलिस और परिजन को सूचना दी। पुलिस उसे लेकर अस्पताल पहुंची। महिला को अस्पताल में भर्ती कराया। जहां पर उसका इलाज चल रहा है। उसकी हालत गंभीर है। महिला के बयान पर केस दर्ज कर आरोपी जेठ को अरेस्ट कर लिया है। डीसीपी ने सरिया से प्राइवेट पार्ट में चोट पहुंचाने की बात से इंकार किया है। घटना रविवार को सरायममरेज इलाके की है।

### दो महीने से मायके में रहती थी

डीसीपी अभिषेक भारती ने बताया, सरायममरेज की रहने वाली एक महिला की शादी उतरांव में हुई है। हालांकि वह 2 महीने से अपने मायके सरायममरेज में आकर रह रही थी। महिला ने बताया, रविवार रात में वह घर में दूसरे कमरे में सो रही थी। उसका आरोप है कि उसका जेठ नशे की हालत में तीन दोस्तों के साथ उसके घर में घुस गया। उसके बाद उसे उठाकर खेत में ले गए। जहां पर उसके साथ सामूहिक दुष्कर्म किया। उसने जब विरोध किया तो उसके साथ मारपीट की और प्राइवेट पार्ट में सरिया से चोट पहुंचाया।

### डफरिन अस्पताल में चल रहा इलाज

महिला जब बेहोश हो गई तो उसे छोड़कर भाग गए। सोमवार सुबह लोगों ने महिला को देखा तो पुलिस को सूचना दी। जिसके बाद सरकारी एंबुलेंस से उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र प्रतापपुर अस्पताल ले जाया गया। वहां से रेफर किए जाने पर उसे एसआरएन अस्पताल ले आया गया जहां से मेडिकल के लिए उसे डफरिन अस्पताल में भेजा गया है। महिला का इलाज चल रहा है। उसकी हालत अभी गंभीर है।

### गैंगरेप की पुष्टि के लिए मेडिकल रिपोर्ट का इंतजार

डीसीपी अभिषेक भारती के अनुसार, महिला के प्राइवेट पार्ट में चोट पहुंचाने की पुष्टि नहीं हुई है। उसके सिर में गंभीर चोट के निशान हैं। परिजनों ने अभी तक किसी प्रकार की कोई तहरीर नहीं दी है। गैंगरेप की पुष्टि मेडिकल रिपोर्ट आने के बाद होगी। उसके बयान के आधार पर कार्रवाई की जा रही है। इस मामले में एक आरोपी जेठ को अरेस्ट कर लिया गया है।

# गंभीर समस्याओं के प्रति प्रशासन की उदासीनता बर्दाश्त नही: रणविजय

### समाजसेवियों का प्रतिनिधिमंडल महापौर व नगर आयुक्त से मिलेगा आज

**अखंड भारत संदेश**

**नैनी।** नैनी गंगा महासभा एवं यमुनापार विकास संघर्ष समिति के तत्वावधान में विभिन्न सामाजिक संगठनों सम्मानित सभासदों तथा स्वैच्छिक कार्यकर्ताओं की बैठक रविवार को काजीपुर रोड स्थित सुन्दरम गेस्ट हाउस में आकाश जायसवाल के संयोजकत्व में सम्पन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता वरिष्ठ



सभासद शिव सेवक सिंह तथा संचालन गजेन्द्र प्रताप सिंह ने किया। आयोजक भगवती प्रसाद पाण्डेय ने बैठक के उद्देश्य पर प्रकाश डालते हुए कहाकि गंगा किनारे शवदाह गृह का निर्माण न होने से समूचे यमुनापार के साथ ही सीमावर्ती जिलों से दाह संस्कार हेतु शव लाने वाले लोगों को हलाकान होना पड़ता है। वहीं संगम के पास गंदे नालों के मिश्रित जल में श्रद्धालुओं को मजबूरन स्नान करना पड़ता है। मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित गंगा महासभा के प्रदेश महामंत्री देवेन्द्र तिवारी ने कहा कि यदि शासन-प्रशासन मां गंगा की पवित्रता बरकरार रख पाने में गंभीर नहीं दिखती हैं तो ऐसे में हम सब मिलकर शवदाहगृह निर्माण कराने को मजबूर होंगे। निगम पार्षद रणविजय सिंह ने कहा कि यदि जिम्मेदार प्रशासन कुम्भ मेला में जनसुविधाओं के प्रति लापरवाही बरतती है तो हम संघर्ष का रास्ता अख्तियार करने से पीछे नहीं हटेंगे। अन्त में समिति के महामंत्री गजेन्द्र प्रताप सिंह ने बताया कि पार्षदों के साथ समाजसेवियों का एक प्रतिनिधि मंडल 20 अगस्त मंगलवार को सुबह 10 बजे महापौर व नगर आयुक्त से मिलेगा तथा समस्याओं से अवगत कराते हुए समाधान हेतु वार्ता होगी। बैठक में विचार व्यक्त करने वालो में पूर्व पार्षद कमलेश सिंह, टी एन मिश्र, शिव शंकर पांडेय, बीबी दुबे, शौमिक सरकार, सुधाकर दुबे, जगदम्बा प्रसाद शुक्ल, दिनेश विश्वकर्मा, विनोद जैकब, के के पाण्डेय, गुलराज सिंह, जितेन्द्र सिंह, कुंवर जी तिवारी, प्रवीण तिवारी, विपिन सिंह, आशुतोष मिश्र, राकेश श्रीवास्तव, सुनीता दुबे, अन्जुम नाज, राजेन्द्र श्रीवास्तव, छेदीलाल कनौजिया, पी पी सिंह, मो निजाम, राम नारायण सिंह आदि प्रमुख रूप से शामिल रहे।

## सावन के आखिरी सोमवार पर शिवालयों में भीड़

**अखंड भारत संदेश**

**प्रयागराज।** सोमवार को सावन महीने का आखिरी सोमवार है। सभी शिवालयों में सुबह से ही मंदिरों में भीड़ पहुंच गई। सबसे ज्यादा भीड़ यमुना तट पर स्थित मनकामेश्वर मंदिर पर है। यहां भोर 4 बजे से ही मंदिर गेट से लेकर करीब एक किलोमीटर लंबी लाइन लग गई थी। मंदिर के मुख्य पुजारी धरानंद महराज ने भोर में भगवान शिव की मंगला आरती की। मंदिर परिसर में श्रद्धालु डमरू बजाते दिखे।

इसी तरह शहर के अन्य शिवालय पड़िला महादेव, शिवकुटी में स्थित कोटेश्वर महादेव मंदिर, शिव कचहरी मंदिर, नागवासुकि मंदिर में भी भोर से ही श्रद्धालु दर्शन-पूजन कर रहे हैं और शिवलिंग पर जलाभिषेक कर रहे हैं। पूरा



मंदिर हर-हर महादेव की नारे से गूंज रहा है।

#### कावंड़िया कर रहे जलाभिषेक

वैसे तो सावन के पूरे महीने में कांवड़िये जलाभिषेक करते हैं लेकिन आज सावन के अंतिम सोमवार को भी बड़ी संख्या में वह बोल बम का नारा लगाते हुए शिवालयों में पहुंच रहे हैं। शिवलिंग पर जलाभिषेक कर रहे हैं। संगम का पवित्र जल लेकर वह काशी विश्वनाथ धाम, नागवासुकि मंदिर, मनकामेश्वर मंदिर आज शिवालयों में पहुंच रहे हैं।



## कोलकाता मौमिता डेबनाथ हत्या पर धरवारा में समाजसेवी संगठनों ने निकाला कैंडल मार्च

**अखंड भारत संदेश**

**करछना/प्रयागराज।** आरजी मेडिकल कॉलेज, कोलकाता की पीजीटी मौमिता डेबनाथ की दर्दनाक मृत्यु से बहुत दुखी सामाजिक संगठनों के लोग सोमवार शाम इस दुखद घटना को लेकर करछना तहसील क्षेत्र के धरवारा बाजार, भडेवरा हनुमान मोरी से विनय सिंह यूथ ब्रिगेड टीम के नेतृत्व में विशाल कैंडल जूलूस निकालकर सरकार से न्याय के लिए संदेश दिया क्षेत्र के चर्चित जीएस अकादमी धरवारा के प्रबंधक विनय प्रताप सिंह उर्फ बिन्नू सिंह यूथ ब्रिगेड

ने बताया कि यह एक हृदय विदारक घटना ने पूरे देश को झकझोर कर रख दिया है और हमें न्याय की मांग करने के लिए प्रेरित किया हम एक शांतिपूर्ण कैंडल मार्च का आयोजन करते हुए कहा कि ताकि हम अपनी आवाज उठा सकें और न्याय की मांग कर सकें।हम सरकार से मांग करते हैं कि दोषियों को जल्द से जल्द सजा दिलाई जाए और ऐसी घटनाओं को रोकने के लिए कड़े कदम उठाए जाएं।

## कोलकाता में हुए महिला डॉक्टर के साथ बलात्कार के मामले में मऊआइमा में निकला कैंडल मार्च

**अखंड भारत संदेश**

**मऊआइमा/प्रयागराज।** विगत दिनों कोलकाता में हुए महिला डॉक्टर के साथ बलात्कार के मामले में पूर्व उपाध्यक्ष/कार्यवाहक अध्यक्ष रहे सपा नेता अदील हमजा ,साहिल छात्र नेता विवेक , हर्ष पाण्डे के नेतृत्व में मऊआइमा के तीन बत्ती चौराहा से कैंडल मार्च रेलवे क्रासिंग तक निकाला गया ।उक्त कैंडल मार्च में सपा नेता अदील हमजा ने कहा कि देश की




सेवा करने वाली बहन डॉक्टर के बलात्कारियों कोई जल्द से जल्द गिरफ्तार कर फांसी की सजा दी जाए। यदि ऐसा नहीं तो हुआ जल्द ही देश व्यापी उग्र आंदोलन करने के लिए हम लोग बाध्य होंगे इस मौके पर मुख्य रूप से आजाद तिवारी, अरकान, सारस, अमन यादव, रेहान, आवेश, आसिफ,श्रेयां अमन साहू, मसूद, शिवांक, ऋषभ, शोएब, बन्नू, आदिल,अभिकान आदि सैकड़ों लोग मौजूद थे।

## 51 आचार्यों ने गंगा में किया श्रावणी उपाक्रम

**अखंड भारत संदेश**

**प्रयागराज।** प्रयागराज में श्रृंगवेरपुर धाम में गंगा तट पर हुआ आयोजन प्रयागराज के श्रृंगवेरपुर धाम मे विद्यार्थी घाट पर आज सोमवार को विधि-विधान से श्रावणी उपाकर्म हुआ। मुख्य आयोजक श्रृंगवेरपुर पीठाधीश्वर व जगदगुरू रामानुजाचार्य स्वामी श्री नारायणाचार्य शांडिल्य जी महाराज रहे।उन्होंने बताया कि 51 आचार्यों और बड़ी संख्या में वेद बटुकों के

### प्रयागराज में गंगा की बहती धारा के बीच किया गलती का प्रायश्चित

साथ गंगा में खड़े होकर श्रावणी उपाकर्म किया। श्रावणी उपाकर्म पद्धति से ब्राह्मण गंगा या किसी जलाशय में खड़े होकर विधि विधान से पूजा करते हैं। इस दौरान वर्षभर अगर मन, कर्म और वचन से कोई गड़बड़ी हो गयी हो तो उसका प्रायश्चित करते हैं और उसके बाद पूजन करके जनेऊ धारण किया जाता है।

#### सनातन धर्म का प्रमुख विधान श्रावणी उपाक्रम

उन्होंने बताया कि सनातन धर्म का सबसे प्रमुख विधान श्रावणी उपाकर्म है। इसको सभी सनातन धर्म के लोग मानते हुए पूजन करते हैं। जगद्गुरु स्वामी शांडिल्य जी महराज ने बताया कि सनातन धर्म के सभी संत, महात्मा, गृहस्थ और अन्य लोग जो जनेऊ धारण करते हैं सभी लोग श्रावणी उपाकर्म का विधि-विधान से पूजन, अर्चन करते हैं। इस दौरान आचार्य बलराम शुक्ला, आचार्य नागेश मिश्रा, अतुल मिश्रा, वेद प्रकाश त्रिपाठी आश्रम के बड़ी संख्या में बटुक शामिल हुए।



## डॉक्टर से बर्बरता पर झूंसी में छात्रों ने किया प्रदर्शन

**अखंड भारत संदेश**

**झूंसी।** बंगाल में महिला डॉक्टर के साथ हुई बर्बरता को लेकर पूरे देश में आक्रोश है सोमवार की शाम झूंसी में दर्जनों छात्रों ने कैंडल मार्च निकालकर न्याय की मांग की।

पश्चिम बंगाल के कोलकाता ड्यूटी के दौरान महिला डॉक्टर से सामूहिक दुष्कर्म के बाद हत्या की घटना के विरोध में झूंसी में छात्रों ने हाथों में वी वान जस्टिस लिखी तख़्ती लिए लाल चौक से जीटी रोड होते त्रिवेणीपुरम चौराहे तक कैंडल मार्च निकाला। दिवंगत की आत्मा शांति के लिए सभी ने दो मिनट का मौन रखा। पीड़िता को न्याय और उसके साथ घटना करने वालों को फांसी की सजा की मांग भी की। इस दौरान शानू, सर्वेश यादव, दीपक, प्रदीप वर्मा, सचिन यादव, रानू, धीरज, मनीष, आयुष सिंह, आदि मौजूद रहे।


### सूचना

मेरा माध्यमिक शिक्षा परिषद उत्तर प्रदेश बोर्ड परीक्षा इंटर मीडिएट वर्ष 2023 अनुक्रमांक नंबर 2236450557 का मूल अंक पत्र वास्तव में कहीं गया है इंद्रजीत कोटार्य पुत्र बजरंगी लाल कोटार्य पता - बोधा का पूरा बरांव, तहसील करछना, जनपद प्रयागराज।

# राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने हर्षोल्लास के साथ मनाया रक्षाबंधन उत्सव

## बांधा एक दूसरे को रक्षा सूत्र

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ की ओर से रक्षा बंधन उत्सव सोमवार को धूमधाम व हर्षोल्लास के साथ नगर स्थित हरि पैलेस मैरिज हाल में मनाया गया। इस मौके पर मुख्य वक्ता के रूप में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (काशी प्रांत) के प्रांत प्रचारक प्रमुख रामचंद्र ने कहा कि भारत वर्ष उत्सव का देश है।



प्रांत प्रचारक प्रमुख रामचंद्र को राखी बांधती महिला।

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने सिर्फ छह उत्सव चुना, जिसमें एक प्रमुख उत्सव रक्षाबंधन उत्सव है, जो रक्षा का संकल्प दिलाता है। रक्षाबंधन सिर्फ भाई-बहन का ही उत्सव नहीं, अपितु राष्ट्र व समाज की रक्षा का संकल्प है। इसलिए परम पवित्र भगवा ध्वज को रक्षा सूत्र बांधते हैं। राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ विशाल हिंदू समाज को जागृत करने के लिए रक्षाबंधन जैसे उत्सव को प्रतिवर्ष मनाता है। रक्षा सूत्र में बंधकर एक दूसरे को रक्षा का वचन देते हुए एक विशाल सुदृढ़ समाज का संगठन हो ताकि विधर्मी शक्तियां पराजित हो जाएं। यही समरसता का भाव हमे समाज में रखना चाहिए। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ का संकल्प है कि समाज संघमय हो जाए।

इस मौके पर विभाग संघचालक रमेश, विभाग कार्यवाह हरीश, विभाग प्रचारक प्रवेश, जिला प्रचारक प्रवीण, जिला कार्यवाह हेमंत, सह नगर संघचालक विजय, नगर कार्यवाह शिव सोनी, नगर प्रचारक विवेकानंद, अधिवक्ता परिषद अवध प्रतापगढ़ ईकाई महामंत्री शिवेश शुक्ल, रघुवीर, सौरभ, राजा जायसवाल, राजेश, अल्केश, ध्रुव, अशोक राय, गिरिजा शंकर, धीरज, सुमित, अंकित वंदना मिश्रा सहित आदि स्वयंसेवकों व माताओं बहनों ने एक दूसरे को रक्षा सूत्र बांधकर सामाजिक समरसता व रक्षा का संदेश दिया। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से भाजपा अध्यक्ष आशीष श्रीवास्तव, सुनील मौर्य, सतीश उपाध्याय, अजय पाण्डेय, सर्वोत्तम, हीरेदर, अजीत, डाक्टर राजेश्वर, प्रभाशंकर, दिनेश, नितेश एवं वारिष्ठ प्रचारक कुंवर सहित आदि शामिल रहे।

# अपनी संस्कृति की रक्षा के लिये गोरक्षा आवश्यक

## रक्षाबंधन पर बराछा की गोशाला में गोपूजन के बाद लिया गया संकल्प

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** सावन की पूर्णिमा व रक्षाबंधन के वसर पर बराछा स्थित गोशाला में नगर पालिका ने प्रशासक/जिलाधिकारी संजीव रंजन व ईओ राकेश कुमार के निर्देशन में आज विधिवत साफ-सफाई करने के बाद गायों तथा नये जन्मे बछड़ों की पूजा अर्चना की गई तथा सारे पशुओं को गुड़ खिलाकर यह संकल्प लिया गया कि मानव समाज की संस्कृति को बचाये रखने के लिये गो माताओं की रक्षा करना परम आवश्यक है।



गाय को चारा खिलाते सफाई निरीक्षक संतोष कुमार सिंह।

इस मौके पर नगर पालिका के सफाई निरीक्षक संतोष कुमार सिंह ने कहा कि भगवान कृष्ण ने भी गो माता की रक्षा का संदेश दिया है जिसका हम सभी को पालन करना चाहिये। इस मौके पर उपस्थित सभासद आशीष जायसवाल तथा नगर पालिका के सफाई निरीक्षक ने गोशाला में वृक्षारोपण किया। गोशाला में वर्मी (कुचेआ) की खाद का उपयोग वृक्षारोपण में किया गया। बताया गया कि नगर पालिका द्वारा इस गोशाला में पशुओं की सुरक्षित सेवा का कार्य किया जा रहा है। अंत में गोशाला में उपस्थित सभी कर्मचारियों ने आपस में एक दूसरे को रक्षा सूत्र बांधे।

## जेल में बंद भाईयों को राखी बांधने पहुंची महिलाएं

**प्रतापगढ़।** जिला कारागार में बंदियों की कलाई पर राखी बांधने के लिये आज बड़ी संख्या में महिलाएं जिला कारागार पहुंची थीं। महिलाओं को लाइन में लगाकर एक-एक महिला को बंदियों से मिलाया गया। भाई भले ही जेल में बंद हो लेकिन बहन को भरोसा है कि उसका भाई राखी की लाज जरुर रखेगा। इस कारण आज जिला कारागार में महिलाओं की भीड़ इकट्ठा रही।

# नौ प्रधानध्यापकों के विरुद्ध बीएसए ने की कार्यवाही

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** बेसिक शिक्षा विभाग के परिषदीय स्कूलों में वर्तमान में शासन के निर्देश पर समायोजन की प्रकिया गतिमान है। बीएसए भूपेन्द्र सिंह के निर्देश के क्रम में समस्त खंड शिक्षा अधिकारियों को मानव संपदा पर सभी विद्यालयों की 30 जून 2024 की छात्र संख्या अपडेट करने हेतु निर्देशित किया गया। तदुपरांत डेटा के परिशीलन के दौरान यह प्रकाश में आया कि जनपद के 52 विद्यालयों की छात्र संख्या का डेटा संदिग्ध प्रतीत हो रहा है, जिनकी छात्र संख्या 51,61,151 आदि प्रदर्शित की गई है। उक्त के क्रम में बीएसए भूपेंद्र सिंह द्वारा सभी खंड शिक्षा अधिकारियों को ऐसे सभी 52 विद्यालय के छात्र संख्या की प्रमाणिकता पुनः जांचकर अवगत कराने हेतु कड़े निर्देश दिए गए। जांच के उपरांत कुंडा ब्लॉक के 06 विद्यालय, लक्ष्मणपुर के 02 विद्यालय तथा सदर ब्लॉक के 01 विद्यालय (कुल 09 विद्यालयों) का छात्र संख्या का डेटा जानबूझकर त्रुटिपूर्ण फीड किया जाना पुष्टित पाया गया। उक्त तथ्य के प्रकाश में आने पर उक्त सभी 09 विद्यालयों के प्रधानाध्यापकों के विरुद्ध बीएसए प्रतापगढ़ श्री भूपेंद्र सिंह द्वारा कठोर कार्यवाही करते हुए एक वार्षिक वेतन वृद्धि अस्थाई रूप से बाधित की गई है। साथ ही संबंधित ब्लॉक के खंड शिक्षा अधिकारियों को भी उनके शिथिल पर्यवेक्षण हेतु कठोर चेतावनी दी गई है। महानिदेशक स्कूल शिक्षा के निर्देश के क्रम में समायोजन की कार्यवाही अद्यतन गतिमान है।



बीएसए भूपेन्द्र सिंह

# अधिशाषी अभियन्ता की दिनदहाड़े हत्या को लेकर कानून व्यवस्था पर प्रमोद ने उठाए सवाल

## राज्य सभा सदस्य को शिक्षकों व व्यापारियों ने किया सम्मानित

**अखंड भारत संदेश**

**लालगंज, प्रतापगढ़।** विपक्ष के उपनेता प्रमोद तिवारी ने सोमवार को रामपुर खास के एक दिवसीय दौरे पर पहुंचे राज्यसभा सदस्य प्रमोद तिवारी ने यूपी में कानून और व्यवस्था को लेकर भी जमकर हमला बोला। मीडिया से रूबरू हुए राज्यसभा सदस्य प्रमोद तिवारी ने पड़ोसी जिले सुल्तानपुर में दिनदहाड़े सरकारी आवास में जलनिगम के अधिशाषी अभियन्ता की बंधक बनाकर हुई हत्या को सरकार के लिए गम्भीर चुनौती कहा। उन्होंने कहा कि एक अफसर की पीट-पीटकर हुई हत्या की इस घटना से उत्तर प्रदेश में कानून और व्यवस्था को भ्रष्टाचार के आगे लाचार होने का साफ संकेत ठहराया।



राज्यसभा सदस्य प्रमोद तिवारी को सम्मानित करते शिक्षक व व्यापारी।

रक्षाबंधन के पर्व पर लोगों से मुलाकात में राज्यसभा सदस्य प्रमोद तिवारी ने कहा कि बहन और बेटियों की सुरक्षा के लिए दृढ़ता के साथ खड़े होने का यह पर्व हमें संदेश दिया करता हैं। लालगंज के संगम चैराहे के समीप लोगों से मुलाकात कर उन्होंने क्षेत्रीय विधायक आराधना मिश्रा मोना के द्वारा संचालित विकास योजनाओं को प्रभावी बनाये रखने में सहयोग मांगा। यहां शिक्षकों तथा अधिवक्ताओं तथा व्यापारियों के समूह द्वारा आयोजित संवाद कार्यक्रम में राज्यसभा सदस्य प्रमोद तिवारी को माल्यार्पण तथा स्मृतिचिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संयोजन अरूण पाण्डेय व आशुतोष शुक्ल ने किया।

# श्रावण के आखिरी सोमवार पर बाबा धाम में उमड़े शिवभक्त, बोलबम के जयघोष से गूंजी नगरी

**अखंड भारत संदेश**

**लालगंज, प्रतापगढ़।** श्रावण मास के पांचवे सोमवार को बाबा घुइसरनाथ धाम में श्रद्धालुओं का सैलाब दिन भर शिवमय दिखा। रक्षाबंधन का पर्व होने के नाते भी बाबा धाम में शिवभक्तों की कतार सुबह से दोपहर तक उत्साह में दिखी। वहीं पूर्णिमा को लेकर गंगा स्नान कर बाबा धाम पहुंचे कांवड़िया श्रद्धालुओं ने भी देवाधिदेव महादेव का जलाभिषेक किया। सावन के अन्तिम सोमवार को लेकर बाबा धाम में कांवड़िया श्रद्धालुओं की भीड़ अधिक देख पुलिस व प्रशासन के भी हाथ पांव फूल उठे। श्रद्धालुओं ने बाबा का जलाभिषेक कर उन्हें रक्षासूत्र भी अर्पित किए। बेलपत्र, अक्षत, पुष्प तथा मिष्ठान का भी बाबा को श्रद्धालुओं ने मन से भोग लगाया। बाबा धाम का हर कोना हर हर महोदव तथा बोलबम से गूंज उठा दिखा। मंदिर के महंथ मयंक भालगिरि स्वयं सेवकों के साथ गर्भगृह से लेकर मुख्य प्रवेश द्वार तक व्यवस्था बनाने में जुटे दिखे। चैकी इंचार्ज राजेश शुक्ला पुलिस व पीएसी के जवानों के साथ मंदिर परिसर से सई घाट व गंगा सागर घाट तक शान्ति और व्यवस्था बनाने में मशक्कत करते देखे गये।

# रक्षाबंधन पर बाजार हुए गुलजार, उत्सव के माहौल में खुशियां हुई साझा

**अखंड भारत संदेश**

**लालगंज, प्रतापगढ़।** रक्षाबंधन के पर्व पर सोमवार को बहनों का भाईयों की कलाई पर रक्षासूत्र बांधने को लेकर उत्सव का माहौल दिखा। दोपहर बाद शुभमुहूर्त की बहनों व भाईयों में प्रतीक्षा भी बेसब्र दिखी। शुभमुहूर्त में सबसे पहले बहनों ने अपने अपने ईष्टदेव को रक्षासूत्र समर्पित कर मंगल की कामना की। लालगंज के प्राचीन शिवमंदिर तथा हरिहर मंदिरम् व श्रीहनुमत निकेतन में भी भगवान को रक्षासूत्र बांधने का माहौल उत्साह व उमंग में दिखा। वहीं नन्हीं मुन्हीं बच्चियों ने रिषिका के साथ भगवान लड्डू गोपाल को रक्षासूत्र बांधा। बहनों ने भाईयों की कलाई पर रक्षासूत्र बांधकर मुंह मीठा कराकर खुशियां साझा की। लालगंज की चेयरपर्सन अनीता द्विवेदी के आवास पर भी सभासदों के साथ नगर के युवाओं को राखी बंधवाने में उत्साहित देखा गया। बाजार में रक्षाबंधन के पर्व को लेकर सोमवार की सुबह मिठाई तथा राखी की खरीददारी का माहौल दोपहर तक गर्मजोशी में दिखा। रक्षाबंधन के त्योहार को लेकर चैक में लोगों की भारी भीड़ सुबह से ही संसाधनों की तलाश में जुटी दिखी। चैराहे तिराहे भीड़ को देखकर पुलिस पिकेट को भी जगह जगह मुस्तैद देखा गया।

# श्रावण मास के अंतिम सोमवार को श्रद्धालुओ ने गंगा मे लगाई आस्था की डुबकी

## मानिकपुर व कालाक़ांकर गंगा मे भारी सख्या मे लोगो ने किया स्नान

**अखंड भारत संदेश**

**परियावां, प्रतापगढ़।** श्रावण मास के अंतिम सोमवार व रक्षाबंधन के पर्व पर मानिकपुर व कालाकांकर गंगा मे भारी संख्या मे श्रद्धालुओ ने आस्था की डुबकी लगाई और मां गंगा से परिवार की सुख समृद्धि की कामना किया गंगा स्नान के बाद मां गंगा की पूजन अर्चन के साथ गंगा किनारे स्थित मंदिरो मे पूजन अर्चन गंगा किया स्नान के दौरान स्थानीय पुलिस सुरक्षा की दृष्टि से तटस्थ दिखाई दी।

रक्षाबंधन पर भाई बहन के अटूट प्रेम पवित्र त्योहार पर राखी व मिठाई कपड़ा की जमकर बिक्री हुई। गंगा घाट किनारे दोपहर तक मेला लगा रहा बार दोपहर लगभग डेढ़ बजे भद्रा खत्म होने के बाद भाई बहन के अटूट प्रेम का प्रतीक रक्षाबंधन का त्योहार



गंगा स्नान करते कैलाश आश्रम के आचार्य व शास्त्री।

हिन्दु रीत रिवाज के अनुसार लोगो ने मनाया बहनो ने भाई की कलाई मे रक्षा सूत्र बांधकर उनके सुख समृद्धि की ईश्वर से कामना किया तो वही दूसरी ओर भाइयो ने बहन को नगद व उपहार देकर स्वस्थ प्रसन्न रहने की ईश्वर से कामना किया।

इसी प्रकार श्रावण मास के अंतिम सोमवार श्रावणी उपक्रम के कार्यक्रम में क्षेत्र के कोने-कोने से पधारे हुए वैदिक विद्वानों के द्वारा कैलाश आश्रम मानिकपुर में आचार्य हरिशंकर शास्त्री जी आचार्य श्याम मूर्ति पांडे विनय कुमार तिवारी आचार्य प्रदीप पांडे भूतपूर्व प्रधान केशव प्रसाद मिश्र अमरेश त्रिपाठी आचार्य सुमित पांडे कुलदीप नारायण मिश्रा अनिल ओझा आदि विद्वानों द्वारा यज्ञोपवीत पूजन तथा देवताओं का पूजन संपन्न किया तथा विमल कुमार पांडे भूतपूर्व प्रधान केशव प्रसाद मिश्र टंडन जी सभी विद्वानों को भोजन प्रसाद का व्यवस्था तथा पूजन संपन्न कराया।

# रील बनाते समय पांच में से दो किशोर मट्टन नाले में डूबे, कोहराम

**अखंड भारत संदेश**

**लालगंज, प्रतापगढ़।** मट्टन नाले में नहाते समय रील बनाने के प्रयास में पांच किशोरों में से दो गहरे पानी में डूब गये। पुलिस व प्रशासन की मौजूदगी में पानी में डूबे मासूमों की समाचार भेजे जाने तक तलाश जारी बतायी गयी। सोमवार को सांगीपुर थाना के मुरैनी में मट्टन नाले में भूसू का पुरवा पुल के समीप पांच किशोर नहा रहे थे। नहाते समय इनमें से कुछ बच्चे रील बना रहे थे।

सांगीपुर थाना के मिश्रन का पुरवा निवासी जगेश्वर वर्मा का पुत्र गगन (17) तथा रामसुमेर गुप्ता का पुत्र धीरज (14) अपने तीन अन्य साथियों के साथ सुबह करीब आठ बजे मट्टन नाले में नहाने आए थे। इस बीच कुछ बच्चे रील बना रहे थे तभी इनमें से धीरज व गगन गहरे पानी में चले गये। वहीं मट्टन नाले में नहा रहे रामचन्द्र के पुत्र शुभम (13) तथा जगेश्वर के पुत्र शैलेश (18) दोनों साथियों को डूबता देख चीखते चिल्लाते नाले से बाहर निकल आये। बच्चों की चीख पुकार सुन गांव के लोग भी वहां पहुंच गये। सूचना मिलने पर उदयपुर एसओ राधे बाबू फोर्स के साथ पहुंचे। गांव के गोताखोर किशोर की तलाश में मशक्कत करने लगे। वहीं तहसीलदार धीरेन्द्र प्रताप सिंह तथा सांगीपुर एसओ मनीष त्रिपाठी भी मौके पर पहुंच गये। इधर किशोरों के डूबने की सूचना परिजनों को हुई तो वह भी बदहवास मौके पर पहुंचे। डूबे किशोरों के परिजन दहाड़ मारकर बिलाप करते देखे गये। इन दिनों मट्टन नाले में पानी का बहाव तेज हो गया है।

## जरूरतमंदों की कलाई पर सजी बच्चा बैंक की राखी

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** राखी पर्व पर बच्चा बैंक फ्रेंड्स ग्रुप, बीबीएफजी ने जरूरतमंद बच्चों को राखी और मिठाई भिजवाई। 15 बहनों ने इस राखी को भाई की कलाई पर बांधकर त्योहार मनाया। जरूरतमंद बच्चों को राखी भेजने की सूचना सोशल मीडिया पर बच्चा बैंक की ओर से वायरल की गई थी। इसके बाद बच्चों ने ग्रुप से संपर्क किया। जिसमें जोगापुर,भंगवा, जगेसरगंज और किना का पुरवा से बच्चों ने राखी की डिमांड की। उसके बाद ग्रुप के सहयोगी वीके तिवारी, मोहम्मद अनीश, आशीष सिंह, शनि ने इन बच्चों के घर जाकर राखी और मिठाई पहुंचाई। ग्रुप के सहयोगी दिग्विजय सिंह और वीरेंद्र कुमार का कहना है कि बच्चा बैंक ज़रूरतमंद बच्चों की मदद को सदैव तत्पर रहता है। राखी के मौके पर अलग अलग स्थानों से 15 से अधिक बच्चों को राखी और मिठाई भिजवाई गई। उनके चेहरे पर मुस्कान आ गई।

# मोनू सिंह हत्याकांड से पर्दा उठा, मुठभेड़ में दबोचे गये आरोपी

## घायल आरोपी का मेडिकल कालेज में चल रहा इलाज

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** ईट भट्ठा मालिक मोनू सिंह हत्याकांड का खुलासा पुलिस अधीक्षक डॉ अनिल कुमार की पुलिस ने श्राद्ध क्रिया से पहले कर आम जनमानस में अपना इकबाल बुलन्द कर दिया।कल रात पुलिस और आरोपियो के बीच मुठभेड़ हुई जिसमें एक आरोपी के पैर में जहाँ गोली लगी वही दो आरोपी की पतलून गीली हो गयी। घायल आरोपी को मेडिकल कालेज में भर्ती कराया गया है।

जेठवारा थाना क्षेत्र के पर्वतपुर गांव निवासी मोनू सिंह ने रामगंज में ईंट भट्ठा संचालित किए थे। इस भट्ठे में संजय सिंह तथा धर्मेंद्र पटेल उनके पार्टनर है। बताते हैं कि मोनू सिंह ब्याज पर रुपये दिया करते थे। एक आरोपी उनसे 7 लाख रुपये ब्याज पर लिया था। समय से ब्याज व मूलधन वह चुकता नही कर रहा था। मोनू सिंह उससे रुपये वापस करने के लिए दबाव बना रहे थे। रुपये वापस न करने पड़े इसलिए वह अपने दो साथियों के साथ मिलकर खतरनाक योजना बना कर हत्या कर दिया। घटना को एसपी डॉ अनिल कुमार ने चुनौती के रूप में लिया और खुलासे के लिए टीमें गठित की। बीती रात पुलिस ने एक मुठभेड़ में घटना में शामिल तीनो आरोपियो को दबोच लिया।



मुठभेड़ में घायल आरोपी।

## चालक के खिलाफ गैर इरादतन हत्या का केस

**अखंड भारत संदेश**

**लालगंज, प्रतापगढ़।** कोतवाली पुलिस ने वाहन की टक्कर से दुर्घटना में अधेड़ की मौत पर कार चालक के खिलाफ गैर इरादतन हत्या का केस दर्ज किया है। लालगंज कोतवाली के अगई निवासी छोटे लाल के पुत्र रामसुमिरन ने पुलिस को दी गयी तहरीर में कहा है कि सत्रह अगस्त को शाम करीब छह बजे उसका पिता छोटे लाल रानीगंज कैथौला बाजार से घर जा रहा था। हाईवे पर उसके पिता की साइकिल में तेजगति से आ रही कार ने लापरवाही से टक्कर मार दी। दुर्घटना से उसका पिता गम्भीर रूप से चुटहिल हो गया। इलाज के लिए पिता को लालगंज ट्रामा सेंटर ले आए। यहां चिकित्सकों ने चुटहिल को जिला अस्पताल रेफर कर दिया। वहां इलाज के दौरान उसके पिता की मौत हो गयी। तहरीर के आधार पर पुलिस ने कार चालक के खिलाफ गैर इरादतन हत्या का केस दर्ज किया है।

# बदमाशों ने तमंचे की नोक पर शिक्षक से छिनैती का किया प्रयास

## सूचना पर पहुंची पुलिस मामले की कर रही जांच पड़ताल

**अखंड भारत संदेश**

**पट्टी, प्रतापगढ़।** कंधई थाना क्षेत्र के रत्तूपुर गांव निवासी राकेश यादव कंसापटी विद्यालय में शिक्षक के पद पर कार्यरत है। रविवार की देर शाम वह बादशाहपुर से घर जा रहा था। अभी वह रानीगंज पट्टी मार्ग पर दिलीपपुर थाना क्षेत्र के गोंई गांव के जंगल के पास पहुंचा था कि मोटर साइकिल पर सवार नकाबपोश बदमाशों ने तमंचा सटाकर शिक्षक की बाइक रोक लिया और उसकी पिटाई करना शुरू कर दिया। तमंचे के बट से कई बार प्रहार किया गया। इसी दौरान हल्ला गुहार मचाने पर ग्रामीण घटना स्थल की तरफ दौड़ पड़े और शिक्षक की जेब मे रखा रुपए बदमाशों ने छीनने का जबरदस्त प्रयास किया। ग्रामीणों को आता देख बदमाश बाइक पर सवार होकर भाग निकले। पीड़ित शिक्षक ने मामले की जानकारी पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस मामले की छानबीन कर रही है। मामला क्षेत्र में चर्चा का विषय बना हुआ है।

# सड़क पर गिरा बबूल का वृक्ष, आवागमन बाधित

**अखंड भारत संदेश**

**पट्टी, प्रतापगढ़।** कोतवाली क्षेत्र के सैदाबाद बाज़ार के पास पट्टी-चांदा मार्ग पर रविवार को बारिश के बीच अचानक विशालकाय बबूल का पेड़ गिर गया। सड़क पर पेड़ गिर जाने से दोनों तरफ का आवागमन प्रभावित हो गया। इससे दोनों तरफ वाहनों की लंबी कतार लग गई। हालांकि गनीमत यह रही कि जिस समय बबूल का पेड़ टूट कर गिरा उस समय वहां पर कोई ग्रामीण व राहगीर नहीं था। नहीं तो बड़ी घटना घट सकती थी। वन विभाग की टीम और ग्रामीणों घंटों से पेड़ को हटाने में जुटे हुए है।

# आटो में कार ने मारी टक्कर,एक बच्चे की मौत, आधा दर्जन घायल

**भरवारी कौशाम्बी।** कोखराज थाना क्षेत्र के नगर पालिका परिषद भरवारी के परसरा चौराहे के पास रविवार की देर रात ऑटो में कार ने जोरदार टक्कर मार दिया जिससे ऑटो सवार एक छोटे बच्चे की मौत हो गयी और ऑटो में सवार आधा दर्जन लोग घायल हो गए हादसे के बाद मौके पर कोहराम मच गया मामले की सूचना कार्यक्रम स्थल तक पहुँची पूर्व विधायक संजय गुप्ता सहित सैकड़ो लोग मौके पर पहुंच गए और बचाव एवं राहत में लग गए घायलों को इलाज के लिए जिला अस्पताल भेजा गया कुछ घायलों को इलाज के लिए इलाहाबाद के अस्पताल में भेजा गया है मामले की सूचना मिलने के बाद मौके पर पुलिस भी पहुंच गई है और मृतक बच्चे के शव को ले कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया हैजानकारी के मुताबिक नगर पालिका परिषद भरवारी पुरानी बाजार के रहने वाले संतोष कुमार केशरवानी का परिवार और आसपास के लोग ऑटो में सवार होकर पूर्व विधायक संजय गुप्ता के जन्मोत्सव कार्यक्रम से वापस लौट रहे थे ऑटो सवार जैसे ही पूर्व विधायक के स्कूल से सौ मीटर आगे बढ़ा कि सामने से तेज गति से आ रही

## पूर्व विधायक के जन्मोत्सव कार्यक्रम से वापस लौट रहा था परिवार




कार में जबरदस्त टक्कर हो गयी टक्कर होते ही ऑटो सवार छिटककर सड़क पर गिर गए मौके पर कोहराम मच गया मामले की जानकारी संजय गुप्ता के कार्यक्रम स्थल तक पहुँची वहां से पूर्व विधायक संजय गुप्ता समेत सैकड़ो लोग घटनास्थल पर पहुंच गए और बचाव एवं राहत कार्य में लग गए मामले की सूचना पुलिस और एंबुलेंस को दी इस दुर्घटना में ऑटो सवार आयुष कुमार उम्र 4 वर्ष की मौत हो गयी हादसे में अंश कुमार 6 वर्ष पुत्र प्रदीप कुमार वा अल्फा पत्नी प्रदीप कुमार वा एंजल 13 वर्ष पुत्री संतोष कुमार केशरवानी वा एक अन्य लड़का 8 वर्ष पुत्र संतोष कुमार वा शुभ 8 वर्ष पुत्र गुड्डू साहू वा सुमन पत्नी गुड्डू साहू निवासीगण पुरानी बाजार भरवारी गम्भीर रूप से घायल हो गए हादसे में ऑटो चालक का पैर टूट गया है कुछ घायल लोगों को जिला अस्पताल मंझनपुर में भर्ती किया गया है वही कुछ लोगों को पूर्व विधायक संजय गुप्ता के सहयोग के चलाते प्रयागराज के भारत नर्सिंग होम में भर्ती किया गया है पूर्व विधायक संजय गुप्ता घायलों की मदद में देर रात्रि तक लगे रहे और उन्होंने घायलों को हर संभव मदद का भरोसा दिया है मृतक बच्चे के शव को पुलिस ने पोस्ट मार्टम हाउस भेज दिया है वही दुर्घटना करने वाली कार को भी पुलिस ने कब्जे में ले लिया है।

# भाई को राखी बांधने के लिए सरकारी बस का इंतजार करती रह गई बहना!

**भरवारी कौशांबी।** रक्षाबंधन पर बहनों को निशुल्क रोडवेज बस में यात्रा का सरकार का दावा हवाहवाई साबित हुआ है बीते पर्व की तरह इस वर्ष भी पर्व पर रोडवेज बसें नहीं दिखाई दी सैकड़ो बहने बस का इंतजार करती रह गई निशुल्क यात्रा के बहाने रोडवेज का प्रति वर्ष बड़ा खेल होता है रोडवेज के अफसरों के साठगांठ से चालक बसों को खड़ी कर देते हैं निशुल्क यात्रा के बहाने वाहन चालक डीजल बेच लेते हैं प्रयागराज क्षेत्र में एक दिन में करोड़ों के डीजल का खेल होता है निशुल्क बस यात्रा के बहाने अफसर मालामाल हो रहे हैं सरकार के निर्देश के बाद बहनों को सुविधाएं नहीं मिल पाती मामले की जांच करने पर बड़ा खुलासा होगा। नगर पालिका परिषद अंतर्गत कस्बा भरवारी में रक्षा बंधन के दिन बहना अपने भाई को कलाई में राखी बांधने के लिए सुबह से सरकारी बसों का इंतजार करती रही परंतु एक भी बस कस्बा भरवारी नही आई उत्तर प्रदेश के मुख्य मंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि त्योहार से चौबीस घंटे पहले एवम चौबीस घंटे बाद तक सरकारी बसों में जरूरत मंद बहन मुफ्त यात्रा करेगी बताना चाहता हू की जब कस्बा भरवारी में सरकारी बसों का आगमन होता ही नही है तो ऐसे में मुख्य मंत्री योगी आदित्यनाथ का मुफ्त यात्रा का फरमान किस साधन पर निर्भर करेगा इससे पहले तो दर्जनों से ज्यादा सरकारी बसों का संचालन कस्बा भरवारी से होकर सभी बस जाया करती थी परंतु वर्तमान समय में एक भी बस नही आती हैं जिसके चलाते जरूरत मंद बहना अपने भाई को समय पर राखी बांधने नही पहुंच सकी जिसके चलते मुख्य मंत्री योगी आदित्यनाथ की मुफ्त यात्रा की घोषणा हवा हवाई साबित हुई यहां यह भी बताना जरूरी है कि निवर्तमान विधायक संजय गुप्ता चायल ने बसों को पुनः कस्बा से गुजरने की बात उच्च अधिकारियों से की थी और इसके लिए प्रयास भी किया परंतु कुछ चापलूस एवम तानाशाह अधिकारियों के चलते बसों का संचालन नही चालू हो सका 'इसके लिए मुख्य मंत्री को अपनी मुफ्त यात्रा की घोसड़ा से पहले जमीनी हकीकत जान लेनी चाहिए ' अब सवाल उठता है ऐसे में उन अधिकारियों के ऊपर उनका चाबुक चलता है की ठंडे बस्ते में चला जाता है' यह बड़ा सवाल है।

## न्यूज झरोखा

# सड़क पर पड़ी महीनो से बालू के चलाते फिर हुई घटना कितने लोग हो चुके है दुर्घटना के शिकार

**भरवारी कौशाम्बी।** नगर पालिका परिषद भरवारी क्षेत्र में सड़क पर बालू का ढेर लगा होने से आए दिन दुर्घटनाएं होती हैं सोमवार को फिर एक बाइक सवार अपनी बहन के यहां राखी बंधवाने जा रहा था बालू के ढेर में फिसल जाने से सड़क दुर्घटना में वह घायल हो गया है पूर्व में अधिशासी अधिकारी को नगर के सभासद शंकर लाल ने सड़क पर बालू का ढेर लगे होने की जानकारी दी लेकिन उसके बाद भी अधिशासी अधिकारी ने सड़क से बालू का ढेर हटवाने की पहल नहीं की है जिससे नगर के लोगों में आक्रोश व्याप्त है लोगों ने बताया कि नगर क्षेत्र की सड़कों में बालू का ढेर पड़ा होने पर ईओ राम सिंह का कहना है कि यह मेरा काम नहीं है सोमवार को बालू के ढेर में फिसल कर बाइक सवार के गिरने के बाद वह

## नगर पालिका परिषद के अधिशाषी अधिकारी के घटनाओं पर ध्यान न देते हुए बने हुए है धृतराष्ट्र



घायल हो गया है जिसे मोहल्ले वालों की मदद से एंबुलेंस से जिला अस्पताल इलाज के लिए भिजवाया गया है जिसकी हालत नाजुक बनी हुई है लोगों ने बताया कि सड़क पर बालू का ढेर लगा होने से इसके पहले भी दो लोगों की मौत हो चुकी है जिलाधिकारी कौशाम्बी से ई ओ के खिलाफ शिकायत करने के लिए बुधवार को नगर के लोग जा सकते है '

# व्यापारी को मारी गोली गंभीर हालत में अस्पताल में भर्ती

**तिल्हापुर मोड़ कौशांबी।** पिपरी थाना क्षेत्र के तिल्हापुर मोड़ के सीमेंट व्यापारी देशराज साहू उम्र 40 वर्ष प्रतिदिन की तरह सोमवार को भी अपनी दुकान बंद करके रात 9:00 बजे के लगभग वह पावर हाउस की तरफ टहलने गए थे नकाब बांधकर बाइक से दो युवक पहुंचे और उनसे बातचीत के बहाने उन्हें रोक लिया जब तक वह कुछ समझ पाते दोनों युवको ने उन्हें गोली मार दी गई है जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए हैं और सड़क पर गिर पड़े हैं चीख पुकार सुनकर मौके पर आसपास के लोग पहुंच गए हैं घटना के बाद हमलावर पिस्तौल लहराते हुए फरार हो गए हैं जानकारी मिलते ही मौके पर बाजार के लोगों की भीड़ लग गई मामले की सूचना थाना पुलिस को दी गई मौके पर पहुँची पुलिस ने घायल व्यापारी को स्थानीय नर्सिंग होम में भर्ती कराया है जहां हालत गंभीर होने पर चिकित्सकों ने उन्हें प्रयागराज के अस्पताल में रेफर कर दिया है सीमेंट व्यापारी पीएसीएल कंपनी और पल्स कंपनी में एजेंट था क्षेत्र के लोगों की रकम जमा करता था कंपनी ने लोगों का पैसा नहीं दिया है जिससे भी आए दिन विवाद होता था इसके अलावा भी सीमेंट व्यापारियों से उसका जबरदस्त कंपटीशन था जिससे उसकी खिंच तान बनी रहती थी घटना के अन्य कारणों की जानकारी नहीं मिल सकी है।

## वीडियो बनाने से मना करने पर मारपीट

**कौशांबी।** संदीपन घाट थाना क्षेत्र के चिकवन का पुरवा गांव की एक महिला सोमवार की सुबह 6:00 बजे खेत में शौच के लिए गई थी गांव के ही लवकुश रिंकू परवीन आदि महिला का वीडियो बनाने लगे जब महिला ने वीडियो बनाने से मना किया तो गाली गलौज करने लगे महिला का आरोप है कि तीनों ने उसके साथ जमकर मारपीट की है मामले की सूचना थाना पुलिस को दी गई पुलिस मामले में कार्रवाई कर रही है।

# निवर्तमान विधायक चायल संजय कुमार गुप्ता के जन्मदिन पर रिद्धि सिद्धि रिजॉर्ट में रक्षाबंधन महोत्सव का भव्य आयोजन

**कौशाम्बी।** विधायक संजय कुमार गुप्ता के जन्मदिन 18 अगस्त के उपलक्ष्य में रिद्धि सिद्धि रिजॉर्ट में रक्षाबंधन महोत्सव का भव्य आयोजन किया गया। इस विशेष अवसर पर लगभग 2000 बहनों ने विधायक जी को राखी बांधकर उनके दीघार्यु और सफलता की कामना की।महोत्सव में उपस्थित सभी बहनों को साड़ी उपहार के रूप में दी गई। इसके अलावा, लकी ड्रॉ के माध्यम से कुछ भाग्यशाली बहनों को विशेष उपहार भी प्रदान किए गए जिसमे मेहता रोड भरवारी निवासी श्रीमती ममता केसरवानी को फ्रिज व श्रीमती संगीता केसरवानी को वॉशिंग मशीन, मंझनपुर निवासी श्रीमती ममता मोदनवाल को कूलर श्रीमती प्रियंका देवी को मिक्सर तथा श्रीमती संगीता साहू को फैन इनाम स्वरूप प्राप्त हुआ.। इस अवसर पर विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया, जिसमें नृत्य, संगीत और

## इस विशेष अवसर पर लगभग 2000 बहनों ने विधायक जी को राखी बांधकर उनके दीघार्यु और सफलता की कामना की



अन्य मनोरंजक गतिविधियाँ शामिल थीं, जो उपस्थित जनसमूह के लिए एक यादगार अनुभव बना।कार्यक्रम के दौरान विधायक संजय कुमार गुप्ता ने कहा ₹रक्षाबंधन हमारी संस्कृति का एक पवित्र पर्व है, जो भाई-बहन के अटूट प्रेम और विश्वास का प्रतीक है। इस महोत्सव के माध्यम से मैं सभी बहनों के साथ इस बंधन को और भी मजबूत करना चाहता हूँ।₹महोत्सव में शामिल सभी बहनों ने इस अद्वितीय पहल के लिए विधायक जी का आभार व्यक्त किया और उनके इस सामाजिक सरोकार के लिए प्रशंसा की। विधायक संजय कुमार गुप्ता ने भी सभी उपस्थित लोगों का धन्यवाद किया और कहा कि ऐसे आयोजनों से समाज में भाईचारे और एकता का संदेश जाता है।इस आयोजन को लेकर पूरे क्षेत्र में उत्साह का माहौल रहा और लोगों ने इसे विधायक जी की समाजसेवा और जनसंपर्क की एक अनूठी मिसाल बताया। इस शुभ अवसर पर निवर्तमान विधायक चायल संजय कुमार गुप्ता की पुत्रियां रिद्धि सिद्धि वाइस चेयरपर्सन सपना गुप्ता पूर्व कैबिनेट मंत्री इंदु प्रकाश मिश्रा पूर्व जिला अध्यक्ष अनीता त्रिपाठी जिला अध्यक्ष भाजपा धर्मराज मौर्य नगर अध्यक्ष मंझनपुर वीरेंदर फौजी तूफान यादव पार्षद सूरज यादव पार्षद शंकर लाल शानू कुशवाहा विराट गुप्ता विजय पाल वीरेंद्र केसरी नीरज कौशल प्रेमचंद गुप्ता सुभाष गुप्ता देव गुप्ता मयंक मिश्र सहित नगर व जिले के संभ्रांत व्यक्ति उपस्थित रहे।

# बृद्धजन आश्रम में धूमधाम से मनाया गया रक्षाबंधन



**कौशाम्बी।** रक्षाबंधन का पर्व पर बृद्धजन आश्रम में बड़ी ही धूमधाम से बनाया है आश्रम में मौजूद बुजुर्गों को महिलाओं ने राखी बांधी है इसके साथ बुजुर्ग महिलाओं ने प्रबंधक आलोक राय को राखी बांध कर रक्षाबंधन का पर्व बड़े उत्साह से मनाया है वृद्धाश्रम आश्रम प्रबंधक आलोक राय ने बुजुर्ग महिलाओ को उपहार दिया है और उनकी रक्षा करने का संकल्प लिया है उन्होंने कहा कि बुजुर्गों की सेवा करने का मौका मिला है वह अपनी जिम्मेदारी का निर्वहन निष्ठा के साथ कर रहे है।

# बाइक सवार माँ बेटे मवेशी से टकराए 3 घायल, 108 एम्बुलेंस से जिला अस्पताल में भर्ती

**कौशाम्बी।** महेवाघाट थाना अंतर्गत घोगपुरवा के पास बाइक सवार युवक सुभाष किसी मवेशी से जा भिड़ा जिससे माँ लीलावती उम्र 42 वर्ष पत्नी अलोला और दो बच्चे राधिका और रानी घायल हो गए। आनन फानन में घटना स्थल पर पहुचे ग्रामीण एवं राहगीरों ने तत्काल 108 एम्बुलेंस बुलाकर घायलों को नजदीकी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सरसवां में भर्ती करवाया। मिली जानकारी के अनुसार सुभाष अपनी माँ को लेकर भरवरी राखी बंधवाने गया हुआ था। वापसी में घोगपुरवा के पास एक मवेशी अचानक रोड पर आ गया जिससे यह हादसा हो गया।

## रेलवे समपार संख्या 04अ, 23 से 25 अगस्त तक रहेगा बन्द

**कौशाम्बी।** सीनियर सेक्शन इन्जीनियर,भरवारी ने अवगत कराया है कि रेलवे समपार संख्या 04अ. जो रेलवे स्टेशन बम्हरौली –मनौरी के मध्य स्थित है, जिस पर रेलवे मरम्मत कार्य होना है, जिसके कारण समपार सड़क यातायात के लिए दिनांक 23 अगस्त 2024 से 25 अगस्त 2024 तक सड़क यातायात के लिये बन्द रहेगा।

# भैंस के पानी पीने पर बवाल दो पक्षों में जमकर चले लाठी डंडे


**महगाव कौशांबी।** संदीपन घाट थाना क्षेत्र के रसूलाबाद उर्फ कोइलहा गांव में सोमवार की सुबह 7 बजे शांतिदेवी पत्नी गुलाब की भैंस ने पूजा पत्नी रंजीत के घर में भैंस ने पानी पी लिया इस बात को लेकर शांतिदेवी और पूजा के पक्ष में गाली गलौज होने लगा देखते देखते शांतिदेवी के पक्ष से कल्पना कविता गुलाब दीपक प्रमोद आदि लाठी डंडा लेकर पहुंच गए और दूसरे पक्ष पर हमला कर दिया हमले होते देखकर दूसरे पक्ष पूजा देवी के परिवार के फूलमती रंजीत अनिल शीलू आदि भी लाठी डंडा लेकर पहुंच गए देखते-देखते दूसरे पक्षी ने भी हमला कर दिया दोनों पक्षों से जमकर मारपीट हुई मारपीट में दोनों पक्ष के लोगों को चोट आई है मामले की सूचना दोनों पक्ष ने थाना पुलिस को दिया है पुलिस ने घायलों को इलाज के लिए अस्पताल भेज दिया है और दोनों पक्षों के मामले की जांच कर कार्रवाई कर रही है।

# चौराडीह में सड़कों पर जल भराव से रक्षाबंधन के दिन लगा जाम

## नालियों की नहीं होती सफाई जिससे सड़कों पर भर जाता है कीचड़ और गंदा पानी

अखंड भारत संदेश

**सैय्यद सरावा कौशाम्बी।** चायल तहसील क्षेत्र के चौराडीह गांव में सड़क की दुर्दशा के चलते जल जमाव होने से लोगों को दिक्कतों से जूझना पड़ रहा है गांव की नालियों की सफाई नहीं होती है जिससे नालियों का गंदा पानी और कीचड़ सड़कों पर बहने लगता है लेकिन उसके बाद भी सड़क की दुर्दशा और नाली की सफाई को दुरुस्त करने का प्रयास जिम्मेदारों द्वारा नहीं किया जाता है सड़कों पर गंदा पानी और कीचड़ भरे होने से आए दिन आने जाने वाले लोगों को भारी दिक्कत हो रही है ग्राम सभा चौराड़ीह के मुख्य सड़क में जल भराव के कारण भारी दिक्कत का सामना सैकड़ो लोगों को प्रतिदिन करना पड़ रहा है सड़क में जल भराव



होने के चलते रक्षाबंधन के दिन भारी जाम लग गया जल भराव के चलते लोगों को आने जाने में दिक्कत रही और समस्या का सामना करते लोग दिखे है जिम्मेदार अधिकारियों की उदासीनता के चलते जल भराव के करण आम जनमानस को भारी दिक्कत झेलनी पड़ रही है आखिर इसका जिम्मेदार कौन है प्रशासनिक अधिकारी या फिर पीडब्ल्यूडी के अधिकारी इस समस्या की जिम्मेदारी लेंगे गांव में नालियों की सफाई नहीं होती जिससे नालियां जाम हो जाती हैं और नालियों का गंदा पानी कीचड़ सड़कों पर बहने लगता है यह भी सड़क पर जल भराव का एक प्रमुख कारण है सफाई कर्मी नाली ना साफ करके कुछ चुनिंदा लोगों के तलवे चाटते दिखते हैं सवाल उठता है कि इस समस्या का समाधान कौन करेगा।

# विद्युत स्पशार्घात से अधेड़ की मौत परिजनों में मचा कोहराम

**अझुवा कौशांबी** सैनी कोतवाली के आदर्श नगर पंचायत अझुवा वार्ड नम्बर 1 भौतर में एक अधेड़ की विद्युत करेंट से मौत हो गई है। जानकारी के अनुसार राकेश चंद्र विश्वकर्मा 50 वर्ष पुत्र मेवालाल निवासी कोरई मंझन पुर पिछले 20 वर्षों से नगर पंचायत के वार्ड नंबर 1 भौंतर स्थित ससुराल में रहते थे उनकी पत्नी सीमा देवी ने बताया उनके पति पैर से दिव्यांग हैं , ई रिक्शा चलाकर घर का भरण पोषण करते थे आज दोपहर 3 बजे के बाद घर के सामने बने शौचालय से पेशाब कर घर वापस आ रहे थे बगल में ही बिजली का लोहे का खंभा गड़ा है सीढ़ी चढ़ते समय खंभा छू गया जिससे राकेश तड़पने लगे ।महिला के शोर से मुहल्ले के तमाम लोग इकट्ठा हो गए विद्युत सप्लाई बंद करवाकर सिराथू स्वास्थ्य केंद्र ले गए जहां डॉक्टर ने मौत की पुष्टि की है ।मौत की




सूचना से परिजनों में कोहराम मच गया सूचना पर पहुंची अझुवा चौकी पुलिस शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम को भेज दिया है।

# नगर पालिका अध्यक्ष को बड़ी संख्या में रक्षा बांधने पहुँची बहने

**कौशाम्बी।** रक्षा बंधन का त्योहार भाई और बहनों के रिस्तों का प्रतीक है, यह त्योहार भाई और बहनों के रिस्तों को मजबूत करता है, यह बाते नगर पालिका अध्यक्ष ने सोमवार को रक्षा बंधन के त्योहार के अवसर पर नगर पालिका कार्यालय मंझनपुर में नगर पंचायत के वार्डो से आई बहनों से राखी बधवाते हुए कही, उन्होने कहा कि रक्षा बंधन के पर्व पर बहन कही भी हो भाई को राखी बाधने पहुचती है, और भाई बहन की सुरक्षा करने का वचन देता है। इस दौरान जिन बहनों ने नगर पालिका अध्यक्ष को राखी बाधी, नगर पालिका अध्यक्ष ने सभी बहनों को उपहार देकर सम्मानित किए। नगर पालिका कार्यालय मंझनपुर के विभिन्न वार्डो से आई महिलाओ ने रक्षा बंधन के त्योहार पर नगर पालिका अध्यक्ष बीरेन्द्र फौजी को राखी बाध कर भाई बहन के रिस्ते निभाया। इस दौरान नगर पालिका अध्यक्ष बीरेन्द्र फौजी ने सभी बहनों से राखी बधवा कर उपहार दिया, और कहा कि रक्षा बंधन के इस त्योहार पर जिस प्रकार से बहनों ने राखी बाध कर उनको अपना भाई होने का सौभाग्य दिया है, वह अपनी बहनों के लिए हर सम्भव मदद करने को उपस्थित रहेंगे इस दौरान विभिन्न वार्डो से आई महिलाओ में एक दर्जन मुस्लिम महिलाएं भी शामिल हुई, और उन्होंने नगर पालिका



अध्यक्ष को राखी बाध कर भाई बहन के रिस्ते को मजबूत किया। नगर पालिका अध्यक्ष बीरेन्द्र फौजी ने मुस्लिम महिलाओ से राखी बधवाया और कहा कि हिन्दू और मुस्लिम होने का भेदभाव नहीं करना चाहिए, अगर रिस्तों को मजबूत करना है, तो सभी को हिन्दू और मुस्लिम का भेद भाव समाप्त कर देना चाहिए, उन्होने मुस्लिम महिलाओ से राखी बधवा कर उनको उपहार देकर सम्मानित किए, और कहा कि वह उनकी हर सम्भव मदद करेगे। इस दौरान लगभग पचास बहनों ने नगर पालिका अध्यक्ष को राखी बाधी और रक्षा बंधन का त्योहार उत्साह के साथ मनाया। इस मौके पर विजय तिवारी, रिंकू मौर्य, अंशुल केशरवानी सहित दर्जनों लोग वहा पर मौजूद रहे।

# अकूत संपत्ति का मालिक बना डीपीआरओ कार्यालय का संविदा कर्मी

अखंड भारत संदेश

## हजारो रुपए का ईंधन जलाकर लग्जरी कार से प्रतिदिन प्रयागराज से कौशांबी का करता है सफर, मामूली वेतन पाने वाले संविदा कर्मी ने 15 वर्षों के बीच एकत्रित की अकूत संपत्ति

**कौशाम्बी** डीपीआरओ कार्यालय में संविदा की नौकरी करने वाला एक कमी 15 वर्षों के दौरान अकूत संपत्ति का मालिक बन गया है लेकिन मुख्य विकास अधिकारी से लेकर जिला अधिकारी तक की उस संविदा कर्मी के कार्यों पर नजर नहीं पहुंची है जिससे संविदा कर्मी बेखौफ होकर राजा महाराजा की तरह प्रतिदिन लग्जरी कार में हजारों रुपए का ईंधन खर्च करके प्रतिदिन प्रयागराज से कौशांबी और कौशांबी से फिर प्रयागराज की सफर कर रहा है डीपीआरओ कार्यालय का यह संविदा कर्मी अपने वेतन से अधिक लग्जरी कार के ईंधन और रखरखाव में खर्च कर रहा है जिससे इस संविदा कर्मी की अकूत संपत्ति का अंदाजा लगाया जा सकता है। बताया जाता है कि डीपीआरओ कार्यालय का यह संविदा कर्मी हमेशा साहब का खास बना रहा है और साहब के नाम पर पंचायत सचिव से लेकर सफाई कर्मियों तक वसूली का जिम्मा इसी संविदा कर्मी को अफसरो द्वारा दिया जाता है गलत कार्यों को सही करने के बदले में मिली लाखों की रकम से कुछ रकम अफसर को दी जाती है तो कुछ रकम अपने हिस्से में ले ली जाती है धीरे-धीरे यह संविदा कर्मी राजा महाराजा की तरह धनवान बन चुका है इसकी शान शौकत और रहन-सहन अफसरो से भी ठीक-ठाक बताई जाती है डीपीआरओ कार्यालय के इस संविदा कर्मी के कारनामों की यदि शासन प्रशासन ने जांच कराई तो कौशांबी में बड़े भ्रष्टाचार का खुलासा होगा।

## अफसरो का कमाऊ पूत संविदा कर्मी का बिना रोकटोक हो रहा है 15 वर्षों से रिन्यूवल

**कौशाम्बी।** डीपीआरओ कार्यालय का एक संविदा कर्मी अफसरो का इस कदर कमाऊ पूत बन गया कि 11 महीने के लिए उसे संविदा में नियुक्त किए जाने के बाद उसे नौकरी से निकाल देने की बात अफसर भूल गए हैं 11 महीने की संविदा में नियुक्ति पूरी होने के बाद यह संविदा कर्मी जिला पंचायत राज अधिकारी कार्यालय नहीं छोड़ सका और प्रत्येक वर्ष उसका बिना रोक-टोक के संविदा रिन्यूवल हो रहा है संविदा में नौकरी करने वाले इस कर्मचारी से अफसरो का इतना लगाव है कि इस कर्मचारी के बैठने के लिए लाखों रुपए खर्च करके चैंबर बनाया गया है बड़े अफसरों की तरह इस संविदा कर्मी का चैंबर वीआईपी कुर्सी से सुशोभित हो रहा है सवाल उठता है कि जिसे 11 महीने के लिए संविदा पर नियुक्त किया गया हो वह व्यक्ति कैसे 15 वर्षों से अधिक समय से एक कार्यालय में एक पटल पर ड्यूटी दे रहा है इस संविदा कर्मी का विभाग में इतना अधिक ठाठबाट है कि राज्य कर्मचारी से ज्यादा उसका रुतबा विभाग में कायम है आखिर उस संविदा कर्मी में क्या खासियत है जिससे अफसर उसे कार्यालय से बाहर नहीं करना चाहते हैं सूत्रों की माने तो संविदा कर्मी 15 वर्षों से लगातार अफसरो का कमाऊ पूत रहा है करोड़ों रुपए योजनाओं से वसूली कर-के अफसरो की जेब तक पहुँचाने में इस संविदा कर्मी को महारत हासिल है जिससे कुमाऊं पूत को अफसर छोड़ना नहीं चाहते हैं बताया जाता है कि अफसर के खासम खास बनकर इस संविदा कर्मी ने अकूत संपत्ति अर्जित की है लग्जरी वाहनों समेत मोटा बैंक बैलेंस आलीशान बंगला कोठी का मालिक संविदा कर्मी बन चुका है यदि अकूत संपत्ति के मामले में शासन ने इस संविदा कर्मी की जांच कराई तो चौंकाने वाले खुलासे होंगे लेकिन 15 वर्षों से डीपीआरओ कार्यालय में वसूली की कमान संभाले इस संविदा कर्मी का अभी तक बाल बांका नहीं हो सका है संविदा कर्मी के कारनामे पर क्या निष्पक्ष तरीके से जांच हो पाएगी सवाल खड़े हैं।

## सम्पादकीय

### भारी पड़ती सुविधाओं के नाम पर बैंकों की वसूलियां

**देश** में बैंकिंग नेटवर्क का इसी से अंदाज लगाया जा सकता है कि 12 सार्वजनिक क्षेत्र के बैंक, 22 निजी क्षेत्र के बैंक, 44 विदेशी बैंक, 56 क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक, 1485 अरबन कोआपरेटिव बैंक और हजारों की संख्या में ग्रामीण सहकारी बैंकिंग संस्थाएं हैं।

पिछले पांच सालों में एसबीआई को छोड़ शेष 11 सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों ने केवल और केवल मिनिमम बैलेंस के नाम पर 8 हजार 500 रु. करोड़ रु. की कमाई की है। इसका साफ साफ अर्थ है कि गरीब आदमी के खातों से साढ़े आठ हजार करोड़ रुपए तो इन बैंकों में न्यूनतम बैलेंस ना रख पाने के कारण गवाने पड़े है। यह तो तब है जब देश के सबसे बड़े बैंक ने 2019-20 में न्यूनतम बैलेंस की पैनेल्टी के रुप में 640 करोड़ जुमार्ना के रुप में वसूलने के बाद न्यूनतम बैंलेंस पर पेनेल्टी लगाने का आदेश वापिस ले लिया। 12 में से 11 बैंकों की साढ़े 8 हजार करोड़ की पांच साल में पेनेल्टी वसूली रही है तो कल्पना की जा सकती है कि निजी क्षेत्र के बैंकों ने इस तरह के जुमार्ने से कितना खजाना भरा होगा। साढ़े 8 हजार करोड़ रु. की जुमार्ना राशि का आंकड़ा किसी भी तरह से कपोल कल्पित या अतिशयोक्ति पूर्ण नहीं हैं क्योंकि यह जानकारी अधिकृत रुप से संसद में केन्द्रीय वित राज्य मंत्री पंकज चौधरी द्वारा दी गई है। एक मोटे अनुमान के अनुसार देश में बैंकों में मार्च, 23 में 294 करोड़ से अधिक खाते हैं। अब यह स्पष्टीकरण देने का कोई मतलब नहीं कि यह पैसा गरीब खातेदारों के अकाउंट्स से ही गया हैं क्योंकि पैसे वाले खाताधारकों के खातों में तो न्यूनतम बैलेंस रहता ही है।

देश में बैंकिंग नेटवर्क का इसी से अंदाज लगाया जा सकता है कि 12 सार्वजनिक क्षेत्र के बैंक, 22 निजी क्षेत्र के बैंक, 44 विदेशी बैंक, 56 क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक, 1485 अरबन कोआपरेटिव बैंक और हजारों की संख्या में ग्रामीण सहकारी बैंकिंग संस्थाएं हैं। यह तो सभी संस्थागत बैंकिंग संस्थाएं है। इसमें कोई दो राय नहीं कि बैंकिंग सेवाओं का विस्तार हुआ है। 24 गुणा 7 सेवाएं मिलने लगी है। जन धन खातों की परिकल्पना से गरीब से गरीब आदमी का बैंकों से जुड़ाव हुआ है। और अब डिजिटल लेन-देन की सुविधा ने तो सब कुछ ही बदल कर रख दिया है। आज पांच रुपए का धनिया तक पेटीएम या इसी तरह के किसी प्लेटफार्म से आसानी से भुगतान कर खरीदा जा सकता है। दिन प्रतिदिन डिजिटल पेमेंट का चलन आम होता जा रहा है। चंद मिनटों में कहीं से भी किसी को भी मोबाइल या ऑनलाइन बैंकिंग सुविधा से चंद सैकंड में भुगतान पहुंचने लगा है। यह सब बैंकिंग सेवाओं में सुधार और विस्तार का उदाहरण है तो दूसरी और नकदी लेन-देन का स्थान डिजिटल पेमेंट ने ले लिया है।

बैंकिंग सुविधाओं का विस्तार निष्चित रुप से शुभ संकेत माना जाना चाहिए। यह भी साफ है कि लोगों में निश्चित रुप से अवेयरनेस आई है। यह दूसरी बात है कि साइबर ठगी के मामलें भी बहुत अधिक होने लगे हैं। पर सबसे अधिक चिंतनीय बैंकों द्वारा अपनी आय बढ़ाने के लिए सुविधाओं के नाम पर चार्जेज लगालगाकर अपनी आय बढ़ाना है।

# बांग्लादेश अभी भी अस्थिर, कोई स्पष्ट राजनीतिक दिशा नहीं दिख रही

– नित्य चक्रवर्ती

**अब बांग्लादे**शी राजनीति में तीसरी ताकत का क्या? क्या वे छात्र जो राजनीतिक दलों को बाहर रखने की बात कर रहे हैं, देश में स्थापित राजनीतिक दलों के बाहर प्रगतिशील, गैर-सांप्रदायिक ताकतों का तीसरा मोर्चा बनाने में नेतृत्व करने के लिए तैयार हैं? यह एक बड़ा सवाल है। बांग्लादेश में वामपंथी दलों की संख्या बहुत अधिक है। वे सभी हाशिये की पार्टियां हैं। गुटबाजी में उलझी हैं।

5 अगस्त को बांग्लादेश में शेख हसीना को सत्ता से हटाये जाने, जिसके लिए छात्रों और अन्य विपक्षी दलों द्वारा उनके नेतृत्व वाली अवामीलीग सरकार के 15 साल के शासन के खिलाफ बड़े पैमाने पर विद्रोह किया, के बाद उनके पतन के कारणों और उनके सत्ता से हटने में योगदान देने वाले संभावित कारकों के बारे में बहुत कुछ लिखा जा चुका है। अब हम उन विभिन्न घटनाओं पर नजर डाल सकते हैं जो अंतरिम सरकार द्वारा आम चुनाव आयोजित किये जाने तक उभर सकती हैं।

आइए,नोबेल पुरस्कार विजेता डॉ. मुहम्मद यूनुस के नेतृत्व वाली 17 सदस्यीय अंतरिम सरकार के ताजा बयानों और कार्रवाइयों तथा 5 अगस्त के बाद से अब तक हुई कुछ महत्वपूर्ण घटनाओं से कुछ संकेतों का आकलन करें। सबसे पहले, बीएनपी सुप्रीमो खालिदा जिया को रिहा कर दिया गया है तथा उन्होंने अपनी पार्टी के सहयोगियों के साथ बीएनपी के पुनर्गठन के बारे में चर्चा शुरू कर दी है, ताकि अंतरिम सरकार को प्रभावित करने में वह अग्रणी भूमिका निभा सके। उन्होंने अपने समर्थकों से सत्ता हासिल करने के लिए आगामी चुनावों के लिए तैयार रहने को कहा है। हालांकि बीएनपी आधिकारिक तौर पर अंतरिम सरकार में शामिल नहीं है, लेकिन बीएनपी नेतृत्व ने अंतरिम सरकार के कुछ सदस्यों के साथ मौजूदा स्थिति में आगे बढ़ने के बारे में चर्चा की है।

दूसरा, जिलों में कानून-व्यवस्था सुनिश्चित करने के बारे में अंतरिम सरकार द्वारा दिये गये सभी आश्वासनों के बावजूद, स्थिति खराब है। पुलिस प्रशासन हतोत्साहित हो गया है। जिलों में, बीएनपी और जमात मौजूदा अवामीलीग विरोधी भावनाओं का फायदा उठा रहे हैं तथा कानून-व्यवस्था एजंसियों द्वारा किसी भी बाधा के बिना अवामीलीग कार्यकताओं को निशाना बना रहे हैं। ऐसे में कट्टरपंथी तत्व कुछ स्थानों पर हिंदुओं पर हमला कर रहे हैं, लेकिन अल्पसंख्यक संगठनों के साथ-साथ छात्रों और नागरिक समाज के उदारवादी वर्ग द्वारा संगठित प्रतिरोध के कारण इसकी तीव्रता का मुकाबला किया गया है। अंतरिम सरकार को पुलिस प्रशासन में तुरंत मनोबल भरना होगा ताकि वे निष्पक्ष रूप से कार्य करें और उन सांप्रदायिक तत्वों के खिलाफ कार्रवाई करने का साहस रखें जो अब अंतरिम सरकार के करीब होने की कोशिश कर रहे हैं।

पूर्ववर्ती हसीना सरकार की मुख्य विपक्षी पार्टी बीएनपी को भारतविरोधी विचारों वाली पार्टी के रूप में देखा जाता है, लेकिन ऐसा इसलिए था क्योंकि उनकी मान्यता के अनुसार अवामीलीग भारत से जुड़ी हुई है और शेख हसीना भारत सरकार के हित में काम करती हैं। बीएनपी में कई सांप्रदायिक तत्व हैं, लेकिन कुल मिलाकर यह एक सही पार्टी है जो संसदीय लोकतंत्र में एक खिलाड़ी के रूप में काम कर सकती है। बीएनपी एक कट्टरपंथी पार्टी नहीं है। भारत दृष्टिकोण में मतभेदों के बावजूद इस पार्टी से तालमेल बिठा सकता है।



बांग्लादेश की राजनीति के लिए मुख्य समस्या हसीना सरकार के पतन और अचानक अवामीलीग विरोधी संगठनों के पास राजनीतिक सत्ता जाने के परिणामस्वरूप जमात-ए-इस्लामी का मजबूत होना है। जमात का चुनावी समर्थन आधार छोटा है, यह अनुमानतः मात्र 4 प्रतिशत है, लेकिन यह कैडर-आधारित और वैचारिक रूप से रूढ़िवादी है। मुस्लिम देशों, मुख्यतः सऊदी अरब के कई धार्मिक संस्थानों से प्राप्त धन के कारण जमात के पास बड़ी वित्तीय ताकत है। अवामीलीग के शासन के दौरान हसीना ने धन के कुछ मार्गों को बंद कर दिया था। अब उन्हें फिर से खोल दिया जायेगा और जमात के पास फिर से धन की भरमार हो जायेगी। अगर अंतरिम सरकार वास्तव में बांग्लादेश की 1750 लाख आबादी में से 130 लाख अल्पसंख्यकों को सुरक्षा सुनिश्चित करना चाहती है, तो जमात को नियंत्रित करना उसकी प्रमुख गतिविधियों में से एक होना चाहिए।

अब अवामीलीग के बारे में क्या? अवामीलीग अब बदनाम हो चुकी है, लेकिन पार्टी के पास सबसे बड़ा समर्थन आधार है, जो अब शांत है। अभी तक, नयी सरकार अवामीलीग की भागीदारी के बिना आगे बढ़ने की कोशिश कर रही है। अधिकांश प्रशासनिक शाखाओं के साथ-साथ न्यायपालिका और वित्तीय क्षेत्र में, हसीना के करीबी माने जाने वाले शीर्ष अधिकारियों को इस्तीफा देने के लिए कहा गया है। कई ने इस्तीफा दे भी दिया है। यह सफाई प्रक्रिया से कम नहीं है। यह सिलसिला जारी रहेगा क्योंकि मुखिया डॉ. यूनुस खुद हसीना के उत्पीड़न का बड़ा शिकार रहे हैं और वे इसे भूल नहीं सकते।

शेख हसीना ने अभी कहा है कि वह बांग्लादेश वापस जायेंगी और आवामीलीग चुनाव लड़ेगी। इससे पहले उनके बेटे ने कहा था कि वे राजनीति छोड़ देंगी। ऐसा लगता है कि बांग्लादेश के आवामीलीग के नेता जो अभी भी लड़ना चाहते हैं, उन्होंने उन्हें अपना पिछला फैसला बदलने के लिए राजी कर लिया है। यह एक सच्चाई है कि उनके नेतृत्व के बिना आवामीलीग के लिए एक मजबूत पार्टी के रूप में उभरना मुश्किल होगा। लेकिन अगर हसीना दिल्ली छोड़कर बांग्लादेश जाती हैं, तो इस बात की पूरी संभावना है कि उन्हें गिरफ्तार कर लिया जायेगा और उन्हें और भी कड़ी सजा दी जायेगी, जो नयी बांग्लादेशी सरकार उन्हें देना चाहेगी। पहले ही बांग्लादेश की अदालत में उन पर हत्याओं का आरोप लगाते हुए मामला दर्ज किया जा चुका है। यह बहुत संभव है कि बांग्लादेश उन्हें स्वतंत्र नहीं रहने देगा और उनके नेतृत्व के बिना आवामीलीग एक मजबूत ताकत के रूप में उभर नहीं पायेगी।

अब बांग्लादेशी राजनीति में तीसरी ताकत का क्या? क्या वे छात्र जो राजनीतिक दलों को बाहर रखने की बात कर रहे हैं, देश में स्थापित राजनीतिक दलों के बाहर प्रगतिशील, गैर-सांप्रदायिक ताकतों का तीसरा मोर्चा बनाने में नेतृत्व करने के लिए तैयार हैं? यह एक बड़ा सवाल है। बांग्लादेश में वामपंथी दलों की संख्या बहुत अधिक है। वे सभी हाशिये की पार्टियां हैं। गुटबाजी में उलझी हैं। उनका अपना कोई आधार नहीं है। लेकिन अकादमिक समुदाय और सांस्कृतिक दुनिया में उनका अच्छा प्रभाव है। कुछ सूत्रों का कहना है कि डॉ. यूनुस चुनाव एक नयी पार्टी बना सकते हैं। यह निश्चित नहीं है कि 84 साल की उम्र में डॉ. यूनुस यह जोखिम लेंगे या नहीं। उनका बहुत कुछ इस बात पर निर्भर करेगा कि अमेरिकी रणनीतिकार भविष्य को किस तरह देखते हैं।

पिछले हफ्ते, अवामीलीग के सूत्रों ने शेख हसीना के हवाले से कहा है कि उन्हें इसलिए बाहर कर दिया गया क्योंकि उन्होंने बंगाल की खाड़ी में चटगांव के सेंट मार्टिंस द्वीप को अमेरिका को आधार के रूप में इस्तेमाल करने के लिए सौंपने से इनकार कर दिया था। उन्होंने कहा कि अगर उन्होंने अमेरिकी प्रस्ताव स्वीकार कर लिया होता तो वे वहीं रहतीं। निश्चित रूप से यह उनके निष्कासन का एकमात्र कारण नहीं था, जो बड़े पैमाने पर हुए उभार के कारण हुआ।

# जम्मू कश्मीर : किसका बनेगा मुख्यमंत्री बड़ा सवाल !

– शकील अख्तर

**1992 की** लाल चौक तक की यात्रा को मोदी जी बहुत याद करते हैं और यात्रा के नेता मुरली मनोहर जोशी को भुला देते हैं। जम्मू में उस यात्रा की सफलता का पूरा श्रेय चमनलाल गुप्ता का था। जम्मू के आगे तो एयर फोर्स के विमान से जोशी जी और मोदी जी को भेजा गया था। जहां तिरंगा फहराकर वे कुछ ही देर में वापस जम्मू आ गए थे।

भाजपा को चमनलाल गुप्ता की याद है? जम्मू कश्मीर में चुनाव है और यह पहला विधानसभा चुनाव है जब भाजपा वहां गंभीरता से सरकार बनाने की सोच रही है। प्रधानमंत्री मोदी का हर कदम उसी दिशा में उठता हुआ है। उन्होंने बहुत सारे काम किए। जिन्हें वे पहली बार कहते हैं। जैसे 2014 के बाद देश को सम्मान दिलाने का भी! ऐसे बहुत सारे दावे हैं। मगर एक काम जो वे करना चाहते हैं और जो बहुत मुश्किल है वह है- जम्मू कश्मीर में भाजपा का पहला मुख्यमंत्री बनाना।

उप मुख्यमंत्री वे बना चुके हैं। दो सरकारों में शामिल रह चुके हैं। प्रधानमंत्री बनते ही पहली बार मुफ्ती मोहम्मद सईद की सरकार में और फिर मुफ्ती की बेटी महबूबा मुफ्ती की सरकार में।

लेकिन कभी भाजपा के वहां मुख्यमंत्री बनने का मौका नहीं आया। इसलिए याद कर रहे हैं भाजपा को यहां तक लाने वाले उसके पूर्व प्रदेश अध्यक्ष वाजपेयी सरकार में मंत्री रहे चमनलाल गुप्ता को।

आज शायद भाजपा के नए नेताओं में उन्हें जानने वाले भी कम होंगे। मोदी जी के आने के बाद भाजपा में एक नई प्रथा चली है अपने पुराने नेताओं को भूलने की। जो केवल नींव के पत्थर ही नहीं थे बल्कि भाजपा के महल को ऐसा बनाया कि जहां बैठकर मोदी जी शासन कर सकें। मोदी जी शासन तो कर रहे हैं। मगर उन सब को भुलाकर जिन्होंने मोदी जी शासन के लिए महल बनाया।

1992 की लाल चौक तक की यात्रा को मोदी जी बहुत याद करते हैं और यात्रा के नेता मुरली मनोहर जोशी को भुला देते हैं। जम्मू में उस यात्रा की सफलता का पूरा श्रेय चमनलाल गुप्ता का था। जम्मू के आगे तो एयर फोर्स के विमान से जोशी जी और मोदी जी को भेजा गया था। जहां तिरंगा फहराकर वे कुछ ही देर में वापस जम्मू आ गए थे।

कश्मीर में आतंकवाद 1989 से शुरू हुआ। सबसे पहला हमला राजनीतिक नेताओं और कार्यकताओं पर हुआ। राज्य सरकार भंग हो गई। राज्यपाल शासन लागू हो गया। पाकिस्तान चाहता था राजनीतिक शून्य की स्थिति। पोलिटिकल वैक्यूम! आतंकवाद के लिए वह सबसे आदर्श स्थिति होती है। जनता किसी के पास जा नहीं सकती। जगमोहन ने इसे नहीं समझा था। वे प्रशासन के जरिए राज करने की कोशिश करने लगे। जनप्रतिनिधियों का विकल्प ब्यूरोक्रेट नहीं हो सकते।

केन्द्र ने वहां रॉ ( रिसर्च एंड एनालिसिस विंग) के प्रमुख रहे गिरीशचन्द्र सक्सेना को भेजा। राज्यपाल की जिम्मेदारी संभालने के साथ उन्होंने जो हमें पहला इंटरव्यू दिया उसमें राजनीतिक प्रक्रिया की जरूरत बताई। वह राजनीतिक प्रक्रिया वहां बहुत चुनौतीपूर्ण थी। सबसे बड़े दल के नेता फारूख अब्दुल्ला मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा देकर लंदन चले गए थे। नेशनल कांफ्रेंस नेतृत्वविहीन थी। सबसे से ज्यादा उसके लोग मारे जा रहे थे।

ऐसे में जिन लोगों ने राजनीतिक प्रक्रिया में हिस्सा लिया उनमें कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष गुलाम रसूल कार, सीपीआईएम के युसूफ तारिगामी, भाजपा के चमनलाल गुप्ता और उस समय राजनीति में नहीं आए थे मगर सामाजिक रूप से सक्रिय और लेखक की भूमिका में आतंकवाद के सवालों को उठाते हुए डॉ जितेन्द्र सिंह जो केन्द्र में मंत्री हैं वे और भाजपा के ही वैद्ध विष्णुदत्त का नाम प्रमुख है।

खासतौर से भाजपा का जिक्र आज हम इसलिए कर रहे हैं क्योंकि इस चुनाव में मोदी जी भाजपा का पहला मुख्यमंत्री बनाने की पूरी कोशिश करेंगे। चुनाव पूर्व सारी तैयारियां इसी दिशा में हुई हैं। विधानसभा क्षेत्रों का पुनर्गठन किया गया। परिसीमन में जम्मू की सीटें बढ़ाकर 43 कर दी गईं। पहले यह 37 थीं। 6 सीटें बढ़ा दी गईं। उधर कश्मीर में केवल एक सीट बढ़ाई गई। पहले 46 थीं जो अब 47 कर दी गईं। राज्य का विभाजन कर दिया गया।

लद्दाख को अलग केन्द्र शासित राज्य का दर्जा दे दिया गया। जम्मू कश्मीर को भी। राज्यपाल का पद घटाकर उप राज्यपाल कर दिया। मगर उसकी शक्तियां बढ़ा दी गईं। 370 खत्म करके एक भावनात्मक माहौल बनाने की कोशिश हुई। मगर उसका फायदा शेष भारत में तो दिखा नहीं। 370 हटाने से पहले भाजपा की लोकसभा में 303 सीटें थीं। जो 370 हटाने के बाद हुए पहले लोकसभा चुनाव 2024 में घटकर 240 रह गईं। बहुमत की संख्या 272 से कम।

अब 370 हटाने के बाद जम्मू कश्मीर में पहला विधानसभा चुनाव है। भाजपा इसका फायदा जम्मू में देखना चाह रही थी। मगर जम्मू क्षेत्र में आतंकवादी घटनाओं के बढ़ने, सेना के कई अफसरों के शहीद होने से मैसेज यह गया कि जिस तरह नोटबंदी से आतंकवाद खत्म करने का दावा किया गया था वैसे ही 370 हटाने से आतंकवाद खत्म करने का दावा भी खोखला निकला। जम्मू में बाकी समस्याएं भी वैसी की वैसी ही रहीं। उल्टे बेरोजगारी की और बढ़ गई। जम्मू से युवा बड़ी तादाद में सेना में जाते थे। मगर अग्निवीर ने उनके रोजगार का यह साधन भी छीन लिया।

पिछली बार 2014 में हुए विधानसभा चुनाव में भाजपा ने अब तक की सर्वोच्च 25 सीटें जीती थीं। लेकिन दस साल बाद हो रहे विधानसभा चुनाव में अब बीजेपी कितनी और कैसी सफलता हासिल करेगी यह मुख्य सवाल है। विधानसभा 90 सीटों की है। 46 का बहुमत।




कश्मीर में बीजेपी को सबसे बड़ी उम्मीद गुलामनबी आजाद से है। मोदी उनका हर तरह से ध्यान इसीलिए रख रहे हैं। राज्यसभा में उनकी तारीफ की। पद्म सम्मान दिया। दिल्ली, जम्मू, श्रीनगर तीनों जगह सरकारी मकान। राज्यसभा समाप्त होने पर प्रधानमंत्री कार्यालय से संबद्ध केन्द्रीय राज्यमंत्री जितेन्द्र सिंह ने उनके लिए अपने घर भोज का आयोजन सब किया। मगर आजाद के पास है क्या देने को?

एक एक करके सब पार्टी छोड़कर जा रहे हैं। लोगों को पार्टी का नाम भी याद नहीं। चुनाव की घोषणा हो गई आजाद का कहीं जिक्र भी नहीं। इसलिए एक नया शिगुफा शुरू करवाया कि वापस कांग्रेस में जा रहे हैं। फिर खंडन करवाया कि नहीं जा रहे। किसी तरह चर्चा में तो रहें। अब ऐसे कमजोर आजाद के भरोसे मोदी जी कश्मीर में क्या कर पाएंगे। मगर ऐसे दूसरे कई हैं। जिन्हें वहां लड़वाया जाएगा।

जम्मू कश्मीर में कहा जाता है कि सरकार उसी की बनती है जिसकी केन्द्र सरकार चाहती है और केन्द्र में जब मोदी जी जैसा प्रधानमंत्री हो जो सत्ता के लिए कुछ भी कर सकता हो तो जम्मू कश्मीर के चुनाव की स्थिति समझ जाना चाहिए। दो प्रमुख क्षेत्रीय दल हैं। एनसी और पीडीपी। दोनों भाजपा के साथ सरकार में शामिल रह चुके हैं।

वाजपेयी सरकार में एनसी के उमर अब्दुल्ला विदेश राज्य मंत्री थे। और मुफ्ती सईद और महबूबा मुफ्ती दोनों की राज्य सरकारों में भाजपा शामिल थी।

चुनाव के नतीजों के बाद कु छ भी हो सकता है और चुनाव से पहले भी यह बड़ा सवाल है कि क्या इंडिया गठबंधन एक होकर लड़ पाएगा? लोकसभा की 5 सीटों में से पीडीपी एक सीट मांग रही थी। मगर दो पर कांग्रेस लड़ गई और तीन पर एनसी। पीडीपी अध्यक्ष महबूबा मुफ्ती को अनंतनाग से हार का सामना करना पड़ा। यह उनका गृह लोकसभा क्षेत्र है यहां से वे पहले लोकसभा सदस्य रह चुकी हैं। इस हार का जख्म गहरा है।

जम्मू कश्मीर के इस चुनाव के कई शेड हैं। देखना है कौन किस तरह मैनेज करता है। भाजपा के लिए मुख्यमंत्री बनाने का पहला मौका और इंडिया गठबंधन से कौन बनेगा मुख्यमंत्री का बड़ा सवाल! साथ ही क्या मिलकर लड़ पाएंगे तीनों दल! पीडीपी नेशनल कान्फ्रेंस और कांग्रेस।

# बच्चों के बौद्धिक विकास के लिए इन बातों पर गौर करें

कमलेश पांडे

**मसलन,** कोई भी माता-पिता और देखभाल करने वाले अभिभावक अपने बच्चे की वर्तमान बौद्धिक अवस्था को समझें ताकि वे अपने बच्चे के संज्ञानात्मक या बौद्धिक विकास करने के लिए उन्हें सुनियोजित गतिविधियाँ प्रदान कर सकें।

दुनिया का हर व्यक्ति चाहता है कि उनके बच्चों का बौद्धिक विकास हो, लेकिन उनमें से बहुतों को यह पता नहीं होता कि यह कैसे होगा? स्वास्थ्य बर्द्धक खानपान और सुनियोजित दिनचर्या के अलावा वह कौन-कौन सी चीजें हैं, जो आपके बच्चों की बौद्धिक क्षमता को विकसित करती हैं। यहां पर छात्रों के संज्ञानात्मक या बौद्धिक विकास का तातपर्य है उनके सोचने और तर्क करने की क्षमता का बहुमुखी विकास करना। कारण कि बहुधा बच्चे जिस कपोलकल्पित दुनिया में रहते हैं, उसे समझने के लिए वे अपने दिमाग, विचारों और सोच को कैसे व्यवस्थित करते हैं, यह पूरी तरह से उनके घरेलू पारिवारिक माहौल और स्कूल के समग्र शैक्षणिक वातावरण पर निर्भर करता है। इसलिए उनके चेतनात्मक विकास को कैसे प्रोत्साहित किया जाए, इस पर सार्थक चर्चा बदलते वक्त की मांग है।

मसलन, कोई भी माता-पिता और देखभाल करने वाले अभिभावक अपने बच्चे की वर्तमान बौद्धिक अवस्था को समझें ताकि वे अपने बच्चे के संज्ञानात्मक या बौद्धिक विकास करने के लिए उन्हें सुनियोजित गतिविधियाँ प्रदान कर सकें। आपके लिए यह समझना जरूरी है कि रचनात्मक और कलात्मक खेल सामग्री बच्चों को समस्या समाधान में संलग्न होने देकर सीखने और विकास करने में मदद करते हैं। इस लक्ष्य की प्राप्ति के लिए उनके शब्दावली ज्ञान, वाक्य सृजन, वस्तु विमर्श, जटिल आकृतियों की नकल, तर्क और बहस करने की क्षमता में वृद्धि करना, 'क्यों और क्योंकि' जैसे शब्दों का प्रयोग समझाना आवश्यक है।

इसके अलावा, उनमें कल, आज और कल जैसी अवधारणाओं की समझ विकसित करने की कोशिश की जाती है। उन्हें डेस्क या टेबल पर बैठने के तौर तरीके बताए जाते हैं। वे अपने शिक्षक के निदेशों का पालन कैसे करें, इसका अनुशासन सिखाया जाता है। वहीं, वे किसी भी सरल कार्य को स्वतंत्र रूप से करने में कैसे सक्षम होंगे, इसका प्रारंभिक ज्ञान दिया जाना महत्वपूर्ण है। ततपश्चात, उनमें अधिक समय तक ध्यान देने की क्षमता विकसित करने की कोशिश की जाती है। उनमें अधिक जिम्मेदारी लेने की इच्छा जागृत करने, जैसे कि घर या स्कूल के काम, के प्रयास किये जाते हैं। उनमें भिन्न, धन और स्थान की अवधारणा विकसित की जाती है। उनकी समझ, समय ज्ञान, महीनों एवं सप्ताह के दिनों के नामक्रम और स्वयं पुस्तक पढ़ने का आनंद लेने की विधि बताई जाती है।

चूंकि, 12 से 18 वर्ष की आयु के किशोर जटिल सोच रखने में सक्षम होते हैं। इसलिए अब वे संभावनाओं के बारे में अमूर्त रूप से सोचें, ज्ञात सिद्धांतों से तर्क वितर्क करें, अपने स्वयं के नए विचार या प्रश्न बनाएं, सभ्यता-संस्कृति के कई दृष्टिकोणों पर विचार करें, देश व समाज के विचारों या मतों की तुलना करें और बहस करें, ऐसी सीख इस सीरीज के माध्यम से दी जाती है। इसी कड़ी में उनके सोचने की प्रक्रिया के बारे में सोचना, विचार प्रक्रियाओं के प्रति जागरूक होना और छात्रों के बौद्धिक विकास और प्रगति के बारे में अधिक जानना महत्वपूर्ण होता है।

लिहाजा, इसी कड़ी में छात्रों को यह समझाया जाता है कि लाइब्रेरी में जाने से उनकी शब्दावली, कल्पना और सीखने की इच्छाशक्ति कैसे बढ़ेगी। वहीं, लाइब्रेरी कार्ड बच्चों को उधार लेने और जिम्मेदारी की अवधारणाओं से परिचित कराने का एक शानदार तरीका है। इसलिए माता-पिता और अभिभावकों का यह दायित्व बनता है कि अपने बच्चे को संग्रहालयों, नए मोहल्लों और प्रदर्शनियों से सुपरिचित कराएं। अपने बच्चे के साथ जितना संभव हो सके उतना निर्बाध समय बिताएं। अपने घर में होमवर्क के लिए स्थान और दिनचर्या निर्धारित करें। यदि आप अपने बच्चे की प्रगति के बारे में चिंतित हैं तो अपने बच्चे के शिक्षक से बात करें। इसके अलावा, लंबे समय तक टेलीविजन, वीडियो और कंप्यूटर गेम देखने से बचें।

वहीं, किशोरावस्था के छात्र-छात्राओं को स्कूल और घर में व्यक्तिगत निर्णय लेने पर केंद्रित अधिक जटिल सोच के उपयोग के बारे में बताइये। वह स्कूल के काम में औपचारिक तार्किक संक्रियाओं का उपयोग दिखाना कैसे शुरू करेगा, यह समझाइए। विद्यार्थी प्राधिकार और समाज के मानकों पर सवाल उठाना कैसे शुरू करेंगे, यह बतलाइए। उन्हें विभिन्न विषयों पर अपने विचार और दृष्टिकोण बनाना और बोलना शुरू करना सिखाईए। आप अपने बच्चे को इस बारे में बात करते हुए सुन सकते हैं कि उन्हें कौन से खेल या समूह पसंद हैं और माता-पिता के कौन से नियम बदलने चाहिए, इसलिए इसके समग्र पहलुओं के बारे में उन्हें सुसंगत दृष्टिकोण विकसित करना सिखाईए।

इस अवस्था में विद्यार्थी अधिक जटिल, दार्शनिक और भविष्यवादी चिंताओं को शामिल करने के लिए सोच का विस्तार करता है। इस नजरिए से उनके द्वारा अक्सर अधिक व्यापक रूप से प्रश्न पूछे जाते हैं और अधिक व्यापक रूप से विश्लेषण किया जाता है। लिहाजा, वह अपने स्वयं के आचार संहिता के बारे में सोचता है और उसे बनाना शुरू करता है? वह विभिन्न संभावनाओं के बारे में सोचता है और अपनी पहचान विकसित करना शुरू करता है। वह संभावित भावी लक्ष्यों पर व्यवस्थित रूप से विचार करना शुरू कर देता है। उसके मन तरंग में यह सवाल उठते हैं कि मैं क्या सही समझता हूँ? मैं कौन हूँ? मैं क्या चाहता हूँ? इस उम्र वय में विद्यार्थी कम आत्म-केंद्रित अवधारणाओं और व्यक्तिगत निर्णय लेने पर ध्यान केंद्रित करने के लिए जटिल सोच का उपयोग करता है। वह न्याय, इतिहास, राजनीति, ज्ञान-विज्ञान और देशभक्ति जैसी वैश्विक अवधारणाओं के बारे में विचारों में हुई वृद्धि पर डिस्कशन करता है। ऐसे में अक्सर विषयों पर आदर्शवादी विचार विकसित हो जाते हैं, जिससे बहस हो सकती है और विरोधी विचारों के प्रति असहिष्णुता विकसित हो सकती है।

## बहनों ने भाइयों की कलाई में बांधी राखी

### धूमधाम से मना रक्षाबंधन पर्व

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** रक्षाबंधन का त्योहार सोमवार को जिले में धूमधाम से मनाया गया। बहनों ने भाइयों की कलाई में राखी बांधकर रक्षा का वचन लिया। पर्व के दिन सवेरे से ही राखियों व मिठाई दुकानों में भारी भीड देखने को मिली।

सोमवार को भाई-बहन के प्रेम का त्योहार रक्षाबंधन मनाया गया। कुछ स्थानों पर सोमवार को सवेरे से बहनों-माताओं ने नदी, तालाबों में पहुंचकर कजलियां विसर्जित की। मन्दिरों में भगवान को कजलियां अर्पण करने के बाद बहनों ने भाइयों के माथे पर तिलक लगाकर कलाई



भाई की कलाई में राखी बांधती बहन।

में रक्षासूत्र बांधकर रक्षा करने का वचन लिया। भाइयों ने भी बहनों को उपहार भेंटकर उन्हें वचन निभाने का संकल्प किया। तीर्थक्षेत्र के विधवा आश्रम की विधवाओं ने कामतानाथ को राखी बांधकर त्योहार मनाया। सवेरे से मुख्यालय में जगह-जगह टेन्ट लगाकर राखी व मिठाइयों की दुकानें सजी रहीं। राखी व मीठा खरीदने को लोगों की भारी भीड लगी रही। पर्व पर मऊ, मानिकपुर, पहाडी, राजापुर, सीतापुर में भाई-बहन के अटूट प्रेम का त्योहार मनाया गया। इस मौके पर लडकियों ने पेडों पर झूला डालकर गीत गाते हुए झूले का आनन्द लिया। भागवताचार्य नवलेश दीक्षित ने बताया कि भाई-बहन के लिए रक्षाबंधन का त्योहार का शुभ मुहुर्त आया है। यह मुहुर्त भाई-बहन के अटूट प्यार का प्रतीक होगा।

### संयुक्त टीम ने जांची सुरक्षा

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** सावन के अन्तिम सोमवार व रक्षाबंधन पर डॉग स्क्वॉयड, एलआईयू की संयुक्त टीम ने सुरक्षा के मद्देनजर जांच की। सोमवार को पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह के निर्देश पर एएसपी चक्रपाणि त्रिपाठी की देखरेख व प्रभारी एलआईयू निरीक्षक सूर्यकांत अरुण राय की अगुवाई में दीवान एलआईयू शिवदत्त सिंह ने डॉग स्क्वॉयड व एलआईयू की संयुक्त टीम ने सावन माह पूर्णिमा पर्व, रक्षाबंधन व सावन माह के अंतिम सोमवार पर सुरक्षा के मद्देनजर रामघाट, मत्स्यगयेन्द्रनाथ शिव मंदिर, रोडवेज बस स्टैंड आदि की जांच की।

## कस्तूरबा विद्यालय की छात्राओं ने डीएम-एसपी को बांधी राखी

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** रक्षाबंधन पर कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय शिवरामपुर में जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन व पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह ने विद्यालय की नन्ही-मुन्नी छात्राओं व शिक्षिकाओं से राखी बंधवाकर उपहार व मिठाई बांटी। नन्ही-मुन्नी छात्राओं ने मौजूद अधिकारियों को राखी बांधी। सोमवार को डीएम-एसपी ने मां सरस्वती के चित्र पर दीप जलाकर माल्यार्पण किया। विद्यालय की छात्राओं व शिक्षकों ने जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक को पुष्पगुच्छ देकर स्वागत गीत पेश किया। एसडीएम सौरभ यादव, खंड शिक्षाधिकारी




राखी बंधवाते डीएम-एसपी।

मानिकपुर मिथिलेश कुमार, कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय बालिका विद्यालय की वार्डेन श्रीमती कविता मिश्रा आदि मौजूद रहे।

## धान के खेत किसान का शव मिला

**अखंड भारत संदेश**

**राजापुर/चित्रकूट।** थाना क्षेत्र के गनीवा चौकी के कंधवनिया गांव में एक ग्रामीण का धान के खेत मे शव मिलने से परिजनों में कोहराम मच गया। गनीवा चौकी इंचार्ज ने शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम को मर्चरी भेजा।

शव मिलने की ये घटना रविवार को हुई। बताया गया कि कंधवनिया गांव के किसान हुबराज उर्फ हुबलाल (58) पुत्र गोला प्रसाद शनिवार को सवेरे आठ बजे धान खेत की रखवाली करने गया था। पूरा दिन बीतने के बाद घर नहीं लौटा। परिजनों ने खोजबीन की तो धान के खेत में शव मिला। चौकी इंचार्ज गनीवा यदुवीर सिंह को सूचना दी। पुलिस बल के साथ मौके में पहुंचे चौकी प्रभारी ने शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम को मर्चरी भेजा। मृतक की पत्नी शांती देवी ने बताया कि निःसंतान होने से जेठ माताबदल के नाती अर्पित को दत्तक पुत्र माना था। कानूनी गोदनामा नहीं हुआ था। शनिवार को धान के खेत की रखवाली करने दौरान संदिग्ध दशा में मौत हो गई। एसडीएम राजापुर प्रमोद कुमार झा के निर्देश पर लेखपाल आनंद कुमार ने पड़ताल कर डूबने से मौत होना बताया।

## जल निगम ने खोदी सड़क, पैदल चलना दूभर

### जेई-ठेकेदार की मिलीभगत

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** एक ओर गांव-गांव सड़कों का जाल बिछाया जा रहा है, दूसरी ओर जल निगम सड़कों को कबाड़ कर रहा है। पहाड़ी ब्लॉक के खरसेड़ा गांव में देवनारायण शाहू के घर से शम्भूदयाल पांडेय के घर तक ठेकेदार सुशील द्विवेदी व मेठ राजेश पांडेय ने सड़क की खुदाई कर छोड़ दिया है। सडक पर पैदल चलना मुश्किल है।

सोमवार को खरसेडा गांव में



गांव की ध्वस्त सडक।

सडक के कबाड होने का खुलासा हुआ। बताया गया कि हर गांव में स्वच्छ जल देने के नाम पर हर घर जल योजना से जल निगम पाइप लाइन बिछा रहा है।

जल निगम के जिम्मेदारों की अनदेखी से खरसेड़ा गांव में पांडेय मोहल्ले में खुदाई हुई है। पाइप लाइन बिछाने को खुदाई कुछ ऐसे करवाई है कि गांव के सभी मार्ग अवरुद्ध हो गये। बारिश के दिनों में लोगों का चलना दूभर हो गया। दोपहिया व चारपहिया की बात छोड़ें, लोगों का पैदल चलना मुश्किल है। अभी तक गांव में उखाड़े खड़ंजा व बड़े-बड़े गड्ढों की पुराई नहीं हुई। न ही सड़कों की मरम्मत हुई। ग्रामीणों में आक्रोश है। ऐसे मामले क्षेत्र के कई गांवों में देखने को मिले। आवागमन से लोगों को असुविधा हो रही है। दोपहिया वाहन से गिरकर लोग चोटहिल हो रहे हैं। जल निगम की लापरवाही से ग्रामीणों को भारी परेशानी हो रही है। खरसेड़ा गांव में हाल में करवाये विकास कार्यों में सडकों को भारी क्षति पहुंची है। जल निगम के जेई व ठेकेदार की मिलीभगत से सरकारी धन के बंदरबांट से ग्रामीणों में रोष है। ग्रामीणों ने जिलाधिकारी से भेंटकर टीएसी जांच की मांग की है।

## हाई वोल्टेज करंट चपेट में आने से बंदर की मौत, विद्युत विभाग की लापरवाही

**अखंड भारत संदेश**

**पहाड़ी/चित्रकूट।** पहाड़ी कस्बा स्थित सब स्टेशन से लेकर सड़क किनारे हाई वोल्टेज विद्युत लाइन शिफ्टिंग अवर अभियंता व ठेकेदार पहाड़ी कस्बे में जबरन करा रहे हैं। हादसे की आशंका जताते हुए लाइन शिफ्टिंग रोकने की खबरें छपने के बाद भी लापरवाही से लाइन शिफ्टिंग कार्य स्टीमेट व मानक से हटकर हो रहा है।

सोमवार को सड़क पटरी में विद्युत पोल लगाकर कई किमी खुली नंगी स्टील वायर खींच दिया। एलटी लाइन खींचकर विद्युत आपूर्ति चालू कर दी। कस्बावासियों ने बताया कि हादसे की आशंका पहले भी जता चुके हैं। विद्युत विभाग मनमानी पर उतारू है। अवर अभियंता व ठेकेदार ने भीड़भाड़ इलाके से खुली तार खींचकर ग्रामीणों को मौत के साये में रखा है। आसपास के ग्रामीण विनय कुमार ने बताया कि विद्युत विभाग की लापरवाही से रविवार को अपरान्ह तीन बजे बिसंडा रोड में खुली तार की चपेट में बंदर आ गया। तड़प-तड़पकर बंदर की मौत हो गई। मौके पर तमाम बंदर घंटो तक बैठे रहे। इससे सडक पर आवागमन बन्द रहा।

### डीएम-एसपी ने भंडारे में प्रसाद बांट दी शुभकामनायें

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** सावन माह के अंतिम सोमवार व रक्षाबंधन पर मां मंदाकिनी तट रामघाट पर प्रशासन के भंडारे में डीएम शिवशरणप्पा जीएन व एसपी अरुण कुमार सिंह ने खोयापाया केंद्र रामघाट के पास स्थित शिव मंदिर में पूजन-अर्चन कर प्रसाद व भोग चढ़ाकर श्रद्धालुओं में प्रसाद बांटा।

सोमवार को जिलाधिकारी ने कहा कि रक्षाबंधन पर मां मंदाकिनी तट रामघाट पर आये श्रद्धालुओं व आम जनता के लिए जिला प्रशासन ने भंडारा कर प्रसाद बांट रहा है। श्रद्धालुओं व जिलेवासियों को रक्षाबंधन की शुभकामनायें दी। पुलिस अधीक्षक ने कहा कि श्रावण मास के अंतिम सोमवार व रक्षाबंधन पर रामघाट समेत परिक्रमा मार्ग व अन्य तीर्थ स्थलों पर सुरक्षा को पुलिस बल तैनात है। किसी भी श्रद्धालु को कठिनाई न हो, उन्होंने रक्षाबंधन की शुभकामनायें दी। इस मौके पर एसडीएम कर्वी सौरभ यादव, सीओ सिटी राजकमल, ईओ नगर पालिका लालजी यादव, कर्वी कोतवाल उपेंद्र प्रताप सिंह समेत श्रद्धालु मौजूद रहे।

## सावन माह के अंतिम सोमवार को शिवालयों में भक्तों का लगा तांता

**अखंड भारत संदेश**

**राजापुर/चित्रकूट।** राजापुर कस्बा समेत ग्रामीण क्षेत्रों के शिवालयों में सावन माह के अंतिम सोमवार को शिवभक्तों ने पूजा-अर्चना व रुद्राभिषेक को लोगों का तांता लगा रहा। शिव मन्दिरों में हर-हर महादेव के जयकारों से तुलसी नगरी गुंजायमान रही। एसडीएम प्रमोद कुमार झा ने रुद्राभिषेक कर अमन-चैन की प्रार्थना की।

सोमवार को अंतिम सोमवार पर कस्बे के देवीदयाल शिवाला सब्जी मंडी, हनुमान मन्दिर रोड शिवाला, अर्धनारेश्वर शिवाला व शिवहरे शिवाला तथा कस्बे के द्वादश शिवालयों में शिव भक्तों ने भक्तिभाव से पूजा-अर्चना की। शिव भक्तों ने शिवालयों को भव्यता से सजाया। सावन माह का महत्व बताते हुए एसडीएम प्रमोद कुमार झा ने कहा कि सावन माह का महत्व वेद, पुराणों, शास्त्रों व शिवपुराण में भगवान शिव हिन्दू संस्कृति के प्रणेता आदिदेव महादेव हैं। शिव सेवा समिति के सुनील जायसवाल, अनंतराम द्विवेदी, अजीत गुप्ता, पवन केसरवानी



शिवालयों में लगी भीड।

आदि ने बताया कि सोमवार के अंतिम सोमवार को शिवपुराण आधार पर शिव चरित्र आधारित कलाकारों ने सुंदर मंचन किया। रुद्राभिषेक पर दीपक जायसवाल, शोभा जायसवाल, नेहा जायसवाल, अशोक द्विवेदी, मुन्ना चैरसिया, शारदा जायसवाल, सोमनाथ अग्रवाल, देवकीनंदन मोदनवाल, दीपक श्रीवास्तव, रामनरेश द्विवेदी, संतोष जायसवाल, गुड्डू मोदनवाल, राम नरेश मोदनवाल, रमेश मोदनवाल, शिव सेवा समिति के सदस्य मौजूद रहे।

## आखिरी सोमवार को शिव मंदिर में उमडा सैलाब

### डीएम-एसपी ने खुद बांटा प्रसाद

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** सावन माह के अन्तिम सोमवार को चित्रकूट के रामघाट स्थित शिव मंदिर में भक्तों की भारी भीड़ उमड़ी। जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन व पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह ने शिवालय पहुंच भगवान शिव के दर्शन- पूजन किया।

सोमवार को प्रशासन ने भक्तों के लिए विशेष व्यवस्था कराई थी। डीएम-एसपी ने अपने हाथों से शिव भक्तों को पूड़ी-सब्जी का प्रसाद बांटा। अनोखी पहल ने भक्तों के बीच खासा उत्साह पैदा किया। प्रशासन की सराहना हो रही है। सावन के आखिरी सोमवार पर पहली बार प्रशासन के भंडारे में हजारों की तादाद में शिव भक्तों ने हिस्सा



प्रसाद बांटते डीएम-एसपी।

लेकर प्रसाद ग्रहण किया। मंदिर परिसर में भक्तों का उत्साह देखते बन रहा था। शिव भक्तों ने प्रशासन के प्रयास को खूब सराहा। कहा कि ऐसी व्यवस्थायें आगे भी होनी चाहिए। सावन का ये समापन शिव भक्तों के लिए यादगार रहा।

भगवान श्रीराम की तपोभूमि में अंतिम सोमवार पर श्रद्धालुओं का जनसैलाब उमड़ा। मंदाकिनी नदी में स्नान बाद श्रद्धालु मस्त्यगयेन्द्रनाथ शिव मंदिर में जलाभिषेक कर रहे हैं। सवेरे से मंदिर द्वार पर लम्बी कतारें लगी रहीं। महिलायें व पुरुष भगवान शिव के दर्शन को बेसब्री से इंतजार कर रहे थे। मंदिर के पुजारी प्रदीप तिवारी ने बताया कि सावन माह में ये मंदिर आस्था का प्रमुख केंद्र है। भारी तादाद में श्रद्धालु भगवान शिव की आराधना को आ रहे हैं।

## रिटायर्ड फौजी के घर से 14 लाख की चोरी, चोरी के जल्द खुलासे की मांग

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** चोरों ने रिटायर्ड फौजी के सूने घर से 14 लाख रुपये के जेवर आदि सामान उडा ले गये। रिटायर्ड फौजी रामलखन यादव के घर से चोरों ने अलमारी का ताला तोड़कर ज्वेलरी व नकदी पार कर दी। घटना से परिवार में हड़कंप मचा है।

चोरी की ये घटना रविवार की रात शहर कोतवाली कर्वी के बनकट मोहल्ले में हुई। बताया गया कि रामलखन यादव के दो बेटे हैं। एक बेटा एसएन यादव फौज में है। दूसरा बेटा शिवनरेश यादव गाड़ी चलाता है। घटना के समय शिवनरेश प्रयागराज गया था। उसकी पत्नी मायके में थी। खुद रामलखन यादव गांव में थे। चोरों ने घर का मुख्य दरवाजा तोड़कर दोनों बेटों के कमरों की आलमारियों से ज्वेलरी व नकदी चुरा ले गये। घटना का पता तब चला, जब शिवनरेश रात में घर लौटा। दरवाजा व अलमारी के ताले टूटे मिले। पुलिस को सूचना दी। परिजनों ने पुलिस प्रशासन से चोरों को गिरफ्तार करने की मांग की है।

सीओ राजकमल ने बताया कि



चोरी के बारे में बताती गृहस्वामिनी।

चोरी की सूचना मिलने पर उच्चाधिकारियों समेत मौके पर पहुंचे हैं। डॉग स्क्वायड व फील्ड यूनिट ने घटना स्थल का मुआयना किया है। परिजनों से तहरीर लेकर विधिक कार्यवाही की जा रही है।

### अवैध संबंध के शक में चाकू से गोदकर पत्नी की हत्या, आरोपी पति गिरफ्तार

**चित्रकूट।** जिले में अवैध संबंध के शक में पति ने कमरे में चाकू से गोदकर पत्नी की हत्या कर दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने चाकू समेत आरोपी पति को गिरफ्तार कर लिया। एसपी और सीओ ने घटनास्थल पर पहुंचकर जांच की। बहिलपुरवा थाना क्षेत्र के सपहा गांव का प्रदोष पटेल पत्नी कुशबाला (28) और बेटी के साथ कोतवाली कर्वी के शिवरामपुर कस्बा स्थित लैनाबाबा मंदिर के पास तकरीबन 10 साल किराए के कमरे में रहता है।पहले मोबाइल बनाने का कार्य करता है। दो साल से मोबाइल का काम बंद कर जनसेवा केंद्र चलाता है। शनिवार की रात इकलौती बेटी के सोने के बाद उसने पत्नी की चाकू से गोदकर हत्या कर दी। चर्चा है कि पड़ोसी से पत्नी को मोबाइल पर बात करते देखकर उसने पहले पिटाई की। इसके बाद चाकू से हत्या कर दी। महिला के चिल्लाने पर पड़ोसियों को शंका हुई तो यूपी-112 पुलिस को सूचना दी। पुलिस के आने पर प्रदोष ने अंदर से दरवाजा बंद कर लिया। पुलिस ने धक्का देकर दरवाजा खोला।

## रघुबीर मन्दिर में धूमधाम से मना श्रावण झूला उत्सव

### पौराणिक झांकियां देखने को उमडे श्रद्धालु

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** परमहंस संत श्री रणछोड़दास जी महाराज की पावन कर्म स्थली जानकीकुंड स्थित श्री रघुवीर मंदिर ट्रस्ट बड़ी गुफा में श्रावण झूला उत्सव हुआ। ये उत्सव प्रतिवर्ष श्रावण मास के शुक्ल एकादशी से श्रावण शुक्ल पूर्णिमा रक्षाबंधन तक होता है। उत्सव दौरान पूरे परिसर को फूलों से सजाया गया। युगल सरकार को झूले में विराजमान कर भक्तों ने झुलाया।

सोमवार को श्रीमती उषा जैन ने बताया कि प्रतिवर्ष चित्रकूट अंचल और आसपास के कलाकार विभिन्न गायन वादन की संगीतमय प्रस्तुतियां देने युगल सरकार के चरणों में आते हैं। संत-महंत और श्रद्धालुओं ने भजनों को सुनकर आनंद उठाया। श्री रघुवीर मंदिर ट्रस्ट ने इस वर्ष श्रीराम संस्कृत महाविद्यालय के छात्रों ने विभिन्न धार्मिक झांकियों की प्रस्तुतियां दी। जिनमें समुद्र मंथन, सीता स्वयंवर, गीता उपदेश, शबरी भक्ति एवं भरत चरित्र जैसी झांकियां शामिल रहीं। श्रीमती जैन ने बताया कि इस उत्सव से प्रतिवर्ष लोगों में पौराणिक विषयों की जानकारी बढती है। भगवान के भक्ति गीत में श्रोतागण आनंद लेते हैं। स्थानीय कलाकारों को भी मंच मिलता है। वह अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करते हैं। उनका उद्देश्य है कि स्थानीय कलकारों को आगे बढ़ने के मौके मिलें, ताकि पारंपरिक भक्ति संगीत एवं झूला गीतों को जनमानस के अन्दर प्रश्रय मिल सके।

कार्यक्रम के अंतिम दिन रक्षाबंधन को श्रावणी उपकर्म (यज्ञोपवीत परिवर्तन) ऋषि पूजन में ब्राह्मण बटुकों ने आचार्यों के निर्देशन में मंदाकिनी तट पर जानकी घाट में शास्त्रोक्त विधि से किया। पांच दिवसों तक विभिन्न प्रस्तुतियां देने वाले कलाकारों को स्मृति भेंटकर सम्मानित किया।

## बस स्टैण्ड के वाटर कूलर जल्द करायें ठीकः डीएम



बस स्टैण्ड का निरीक्षण करते डीएम।

### डीएम ने बस स्टैण्ड का किया निरीक्षण

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन ने पुराने बस स्टैंड कर्वी का निरीक्षण कर बस में यात्रा करने वाली महिलाओं-बहनों से कहा कि आज बसों पर किराया नहीं लगेगा। सूबे के मुख्यमंत्री ने रक्षाबंधन पर्व पर माता-बहनों को निःशुल्क बस सेवा के निर्देश दिये हैं। सकुशल रक्षाबंधन पर यात्रा करें। सभी को हार्दिक शुभकामनायें दी। निरीक्षण दौरान पुराने बस स्टॉप में साफ-सफाई ठीक से न होने व दोनों वाटर कूलर खराब होने पर ईओ नगर पालिका को निर्देश दिये कि तत्काल साफ-सफाई व वाटर कूलर तथा टूटी नालियां ठीक करायें। उन्होंने एआरएम रोडवेज को निर्देश दिये कि जो नया बस स्टैण्ड बेड़ीपुलिया पर है, उसका निरीक्षण कर कमियां बतायें। निरीक्षण दौरान एसडीएम कर्वी सौरभ यादव, एआरएम रोडवेज ललित किशोर त्रिवेदी आदि मौजूद रहे।

# डैमेज कंट्रोल या जरूरत... रूस के बाद यूक्रेन क्यों जा रहे पीएम मोदी

**कीवः प्रधानमंत्री** नरेंद्र मोदी इस महीने के अंत में यूक्रेन का दौरा करने वाले हैं। यह रूस के साथ संघर्ष के बाद से यूक्रेन की उनकी पहली यात्रा होगी। इसकी पुष्टि भारतीय विदेश मंत्रालय ने भी कर दी है। विदेश मंत्रालय ने कहा है कि पीएम मोदी यूक्रेन के अलावा पोलैंड का भी दौरा करेंगे, जो नाटो का सक्रिय सदस्य है। हालांकि, पीएम मोदी के यूक्रेन दौरे को लेकर कोई सटीक तारीख का ऐलान नहीं किया गया है। ऐसी उम्मीद है कि पीएम मोदी 21 से 23 अगस्त के बीच दोनों देशों का दौरा कर सकते हैं।



विश्लेषकों का मानना है कि पीएम मोदी की यूक्रेन यात्रा का उद्देश्य रूस की उनकी यात्रा से होने वाले नुकसान को नियंत्रित करना है। उनकी यात्रा के दौरान ही रूस ने यूक्रेन की राजधानी कीव में बच्चों के एक अस्पताल पर घातक हमला किया था। खुद पीएम मोदी ने इस हमले की निंदा की थी। पीएम मोदी की इस यात्रा की यूक्रेनी राष्ट्रपति वलोडिमिर जेलेंस्की ने भी आलोचना की थी। पीएम मोदी ने 8-9 जून को मॉस्को की बहुप्रतिक्षित यात्रा की थी। इस दौरान दोनों देशों के बीच परमाणु ऊर्जा से लेकर चिकित्सा, अंतरिक्ष और सैन्य क्षेत्रों में द्विपक्षीय व्यापार और सहयोग को बढ़ावा देने पर सहमति बनी थी।

पीएम मोदी ने पुतिन को दी थी समझाइश

पीएम मोदी की रूस यात्रा कीव के अस्पताल पर रूसी हमले के साथ हुई थी। इस कारण पीएम मोदी ने शिखर सम्मेलन में रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन की आलोचना करने के लिए भावात्मक भाषा का इस्तेमाल किया था। मोदी ने पुतिन से कहा कि मासूम बच्चों की मौत दर्दनाक और भयावह थी और उन्होंने भारत की स्थिति को दोहराया कि मॉस्को और कीव को बातचीत और कूटनीति के माध्यम से अपने संघर्ष को हल करना चाहिए। उन्होंने कहा कि "युद्ध के मैदान में समाधान संभव नहीं है।"

अमेरिका ने भी पीएम मोदी की यात्रा पर उठाए थे सवाल

मोदी की रूस यात्रा वाशिंगटन में 9-10 जुलाई को नाटो शिखर सम्मेलन के साथ भी हुई, जिसमें सहयोगियों ने यूक्रेन को मजबूत करने और रूस का मुकाबला करने के लिए कदम उठाने का वादा किया था। अमेरिका ने कहा कि उसने रूस के साथ संबंधों के बारे में भारत के साथ चिंता जताई है। अमेरिका ने यह भी कहा कि यह सबंध भारत को पुतिन से युद्ध को समाप्त करने का आग्रह करने की ताकत भी देता है।

यूक्रेन के साथ नियमित संपर्क में भारत

पीएम मोदी की रूस यात्रा के बाद से शीर्ष भारतीय राजनयिकों ने अपने यूक्रेनी समकक्षों के साथ नियमित रूप से बातचीत की है। विदेश मंत्री सुब्रह्मण्यम जयशंकर ने यूक्रेन के विदेश मंत्री दिमित्रो कुलेबा को द्विपक्षीय संबंधों को और विकसित करने पर चर्चा करने के लिए बुलाया है। मोदी ने जून में इटली में ग्रुप ऑफ सेवन शिखर सम्मेलन के दौरान जेलेंस्की से मुलाकात की थी। इस दौरान दोनों नेताओं के बीच व्यापार और संबंधों के विस्तार पर चर्चा हुई।

# पूर्व ISI चीफ फैज हमीद को बनाया जाएगा सरकारी गवाह... जेल में बंद इमरान खान को सता रहा नया डर

**इस्लामाबादः पाकिस्तान** तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) के संस्थापक और पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान ने आरोप लगाया है कि पूर्व आईएसआई प्रमुख फैज हमीद को उनके खिलाफ सरकारी गवाह बनने के लिए मजबूर किया जा रहा है। रावलपिंडी की अडियाला जेल में पत्रकारों से एक अनौपचारिक बातचीत में इमरान ने ये दावा किया है। इमरान ने कहा कि हमीद की गिरफ्तारी एक फर्जी कदम थी, इस गिरफ्तारी का मकसद उनके मामले को सैन्य अदालत में ट्रांसफर करना था। फैज को गिरफ्तारी के बाद मेरे खिलाफ बयान देने के लिए मजबूर किया जा रहा है।



ट्रिब्यून की रिपोर्ट के मुताबिक, इमरान खान ने फैज हमीद की गिरफ्तारी पर कहा कि यह सब मामले को सैन्य अदालत में ले जाने की योजना का हिस्सा है। हमीद की संलिप्तता महज उन्हें फंसाने का एक प्रयास था। वे फैज हमीद को मेरे खिलाफ सरकारी गवाह बना देंगे। इसके लिए सभी तरह के हथकंडे अपनाए जाएंगे। इमरान ने कहा कि तमाम कोशिशों के बावजूद उनके खिलाफ लगे आरोप अदालत में टिक नहीं पाएंगे क्योंकि ये एकदम खोखले हैं।

शहबाज सरकार और सेना पर साधा इमरान ने निशाना

इमरान खान ने इससे पहले शनिवार को कहा था कि वह फैज हमीद की गिरफ्तारी उनको डराने की कोशिश है लेकिन वह इससे भयभीत महसूस नहीं कर रहे हैं।

उन्होंने कहा कि अगर उन्हें डर होता तो वे न्यायिक आयोग नहीं बुलाते। इमरान खान ने मौजूदा सरकार को भी जमकर घेरा है। पाकिस्तान के आर्थिक सर्वेक्षण का हवाला देते हुए इमरान ने पूर्व प्रधानमंत्री नवाज शरीफ के उन दावों की आलोचना की, जिनमें कहा गया था कि पीटीआई ने अर्थव्यवस्था को बर्बाद कर दिया है।

पाकिस्तान सरकार ने पूर्व आईएसआई प्रमुख फैज हमीद पर जेल में बंद पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान के साथ मिलकर देश में अशांति फैलाने का आरोप लगाते हुए गिरफ्तार किया है। हमीद 2019 से 2021 तक इंटर-सर्विसेज इंटेलिजेंस (आईएसआई) के महानिदेशक रहे थे।

# पेरिस ओलंपिक में भाग लेने वाले चीनी मुख्यभूमि के एथलीट करेंगे हांगकांग का दौरा

**बीजिंग। चीन** के हांगकांग विशेष प्रशासनिक क्षेत्र की सरकार ने घोषणा की कि पेरिस ओलंपिक खेलों में भाग लेने वाले मुख्यभूमि चीन के एथलीटों का एक प्रतिनिधिमंडल 29 से 31 अगस्त तक हांगकांग का दौरा करेगा।

हांगकांग विशेष प्रशासनिक क्षेत्र के प्रमुख प्रशासक ली च्याछाओ ने कहा कि उन्होंने पेरिस ओलंपिक खेलों में भाग लेने वाले मुख्यभूमि के एथलीटों के लिए हांगकांग की यात्रा की एक बार फिर व्यवस्था करने के लिए चीन की केंद्रीय सरकार को ईमानदारी से धन्यवाद दिया।



यह पूरी तरह से हांगकांग के प्रति चीन की मुख्यभूमि के प्यार को दशार्ता है।

# छिंगहाई-शीजांग पठार के पारिस्थितिकी तंत्र में पिछले 15 वर्षों में आमतौर पर सुधार

**बीजिंग। छिंगहाई**-शीजांग (तिब्बत) पठार पर दूसरा व्यापक वैज्ञानिक सर्वेक्षण और अनुसंधान परिणाम सम्मेलन 18 अगस्त को शीजांग में आयोजित हुआ।

चीनी विज्ञान अकादमी के छिंगहाई-शीजांग पठार अनुसंधान प्रतिष्ठान, चीनी मौसम विज्ञान अकादमी, पेइचिंग विश्वविद्यालय, लैनचो विश्वविद्यालय और अन्य इकाइयों के वैज्ञानिक अनुसंधान विशेषज्ञ ल्हासा में एकत्र हुए।



उन्होंने बीते सात सालों में इस वैज्ञानिक अभियान के दस प्रमुख कार्यों के महत्वपूर्ण परिणाम जारी किए। वैज्ञानिक शोध में पाया गया है कि छिंगहाई-शीजांग पठार, जो एशिया का जल मीनार के रूप में माना जाता है, गर्म, गीला और हरा-भरा हो रहा है।

पिछले 15 वर्षों में, छिंगहाई-शीजांग पठार पारिस्थितिकी तंत्र में सुधार की समग्र प्रवृत्ति देखी गई है। उनमें से, उच्च गुणवत्ता वाले घास के मैदान और वन क्षेत्रों के अनुपात में क्रमशः 6 प्रतिशत और 12 प्रतिशत की वृद्धि हुई। जल संरक्षण, मृदा संरक्षण और हवा की रोकथाम और रेत निर्धारण सेवा कार्यों में क्रमशः 1 प्रतिशत, 2 प्रतिशत और 70 प्रतिशत की वृद्धि हुई। पारिस्थितिकी तंत्र सेवा कार्यों में धीरे-धीरे सुधार हो रहा है।

साथ ही, छिंगहाई-शीजांग पठार में 6.5 करोड़ टन से अधिक का वार्षिक कार्बन अधिशेष है, जो चीन की कार्बन तटस्थता की उपलब्धि में भी योगदान देता है।


परिचय के मुताबिक, वैज्ञानिक शोधकताओं ने पिछले सात वर्षों में 3,000 से अधिक नई प्रजातियों की खोज की है।

वैज्ञानिक अनुसंधान ने यह भी सुझाव दिया कि छिंगहाई-शीजांग पठार पर सबसे प्रारंभिक मानवीय गतिविधियां 1.9 लाख साल पहले हुई होंगी, जिससे छिंगहाई-शीजांग पठार में मानवीय गतिविधियों के अनुकूलन के नए सबूत मिले हैं।

# चीन के यांग्त्जी नदी डेल्टा क्षेत्र में आयात-निर्यात में बढ़ोतरी

**बीजिंग। इस सा**ल के पहले सात महीनों में चीन के यांग्त्जी नदी डेल्टा क्षेत्र में आयात-निर्यात 91 खरब युआन रहा, जो पिछले साल की इसी अवधि से 5.8 प्रतिशत अधिक है। चीन के कुल आयात-निर्यात में इसका अनुपात 36.7 प्रतिशत है।

ऑटोमोबाइल, जहाज और उच्च तकनीक उत्पाद के निर्यात में इजाफा दर्ज हुआ। जहाज का निर्यात 1 खरब 11 अरब 41 करोड़ युआन रहा, जिसकी वृद्धि दर 79 प्रतिशत है और देश में इसका अनुपात 64.1 प्रतिशत है। वहीं, उच्च तकनीक उत्पाद का निर्यात 12 खरब युआन रहा, जिसकी वृद्धि दर 4.4 फीसदी है और देश में इसका अनुपात 34.8 फीसदी है। सीमा शुल्क विभाग के आंकड़ों के अनुसार इस साल के पहले सात महीनों में



यांग्त्जी नदी डेल्टा क्षेत्र में यांत्रिक और विद्युत उत्पादों का निर्यात 33 खरब युआन रहा, जिसकी वृद्धि दर 7.7 प्रतिशत है और देश में इसका अनुपात 59.6 प्रतिशत है।

बुद्धिमान लॉजिस्टिक्स उपकरण जैसे यांत्रिक और विद्युत उत्पादों के निर्यात में बढ़ोतरी जारी रही।

बताया जाता है कि पहले सात महीनों में बेल्ट एंड रोड से जुड़े देशों के साथ आयात-निर्यात 40 खरब 60 अरब युआन रहा, जो पिछले साल की समान अवधि की तुलना में 7.7 प्रतिशत अधिक है। वहीं, गैरसरकारी उद्यमों का कुल आयात-निर्यात 48 खरब 90 अरब युआन रहा, जिसकी वृद्धि दर 9 फीसदी है। विदेश व्यापार में इसका अनुपात 53.7 प्रतिशत तक पहुंचा।

# वियतनाम के ब्रह्मोस खरीदने पर ग्रहण! वजह बना चीन, दक्षिण चीन सागर में भारत की बढ़ी टेंशन

**बीजिंगः फिलीपींस** के बाद वियतनाम के भारत से ब्रह्मोस मिसाइल खरीदने की संभावना जताई जा रही थी। लेकिन, अब इस संभावना पर ग्रहण लगता दिखाई दे रहा है। इसकी वजह चीन बना है। दरअसल, चीन और वियतनाम ने दोनों देशों को कनेक्ट करने वाली रेलवे लाइन से लेकर मगरमच्छों के निर्यात कर कुल 14 समझौतों पर हस्ताक्षर किए हैं। ये समझौतें वियतनामी राष्ट्रपति टो लैम के चीन दौरे पर किए गए हैं। हालांकि, चीन और वियतनाम हमेशा से अच्छे पड़ोसी नहीं रहे हैं। दोनों देशों के बीच 1979 में लगभग एक महीने का युद्ध भी हो चुका है।



जिनपिंग ने वियतनाम को बताया दोस्त टो लैम इस महीने की शुरूआत में ही पार्टी प्रमुख नियुक्त हुए थे। इसके बाद उन्होंने अपनी पहली विदेश यात्रा के लिए चीन को चुना। इसे दोनों कम्युनिस्ट पड़ोसियों के बीच व्यापार और निवेश बढ़ाने के साथ-साथ दक्षिण चीन सागर विवाद के बावजूद संबंधों को मजबूत करने के तौर पर देखा जा रहा है। इस दौरान शी जिनपिंग ने कहा, "चीन ने हमेशा अपने पड़ोस की कूटनीति में वियतनाम को प्राथमिकता दी है, और पार्टी नेतृत्व का पालन करने, अपनी राष्ट्रीय परिस्थितियों के अनुकूल समाजवादी मार्ग अपनाने और सुधारों और समाजवादी आधुनिकीकरण के उद्देश्य को गहरा करने में वियतनाम का समर्थन करता है।"

लैम ने भी की चीन की तारीफ

लैम ने भी चीन की जमकर तारीफ की। उन्होंने अपनी यात्रा को चीन के साथ संबंधों को महत्व देने के लिए पार्टी और वियतनामी सरकार की पुष्टि कहा। इस मुलाकात के दौरान दोनों देशों ने रेलवे लाइन की योजना और उसकी व्यवहार्यता अध्ययन पर दस्तावेजों पर हस्ताक्षर किए। इस मामले में प्रारंभिक समझौता दिसंबर में शी जिनपिंग की वियतनाम यात्रा के दौरान किया गया था। इसमें दोनों देशों को जोड़ने वाली तीन रेलवे लाइनों को बिछाने की परियोजना शामिल हैं। चीन और वियतनाम ने 1950 में राजनयिक संबंध बनाए और 2008 में सहयोग की एक व्यापक रणनीतिक साझेदारी की स्थापना की।

ब्रह्मोस सौदा खटाई में कैसे पड़ा

चीन के साथ वियतनाम के संबंधों ने भारत की टेंशन बढ़ा दी है। वियतनाम के नए नेता बने टो लैम को चीन समर्थक माना जाता है। उनके शासनकाल में वियतनाम और चीन के संबंध सुधरने की संभावना जताई जा रही है। ऐसे में वियतनाम को ब्रह्मोस मिसाइल बेचना भारत के लिए परेशानी का सबब बन सकता है। भारत नहीं चाहेगा कि ब्रह्मोस की टेक्नोलॉजी तक चीन की पहुंच हो। वियतनाम ने पहले चीन का मुकाबला करने के लिए ही भारत से ब्रह्मोस मिसाइल खरीदने का फैसला किया था। उसने ब्रह्मोस की खरीद को लेकर ब्रह्मोस एयरोस्पेस के साथ बातचीत भी की थी।

# भारत का बांग्लादेश में सिर्फ एक परिवार से ही रिश्ता... खालिदा जिया के करीबी नेता ने बताया दिल्ली से चाहते हैं कैसा संबंध

**ढाकाः खालि**दा जिया के नेतृत्व वाली बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी के महासचिव मिर्जा फखरुल इस्लाम आलमगीर ने भारत की ओर से शेख हसीना को खास तरजीह मिलने पर चिंता जताई है। उन्होंने कहा कि भारत को बांग्लादेश के लोगों की भावना का सम्मान करना चाहिए ना कि एक परिवार तक रिश्ते को सीमित करना चाहिए। खालिदा जिया के करीबी नेता फखरुल इस्लाम आलमगीर ने कहा कि भारत ने बांग्लादेश में केवल एक परिवार (हसीन परिवार) के साथ ही रिश्ता बनाया है। बाकी देश के लोगों से उनको मतलब नहीं है, इससे बांग्लादेशी लोगों के मन में भी सवाल पैदा होते हैं।

एबीपी के साथ एक इंटरव्यू में फखरुल इस्लाम आलमगीर ने कहा कि उनकी पार्टी बीएनपी भारत के साथ अपने संबंधों को फिर से शुरू करने के लिए उत्सुक है, जो अवामी लीग के दो दशक के शासन के दौरान टूट गए थे। उन्होंने कहा कि जब हमारी पार्टी सत्ता में थी, तो हमने हमेशा भारत के साथ गर्मजोशी भरे रिश्ते रखे लेकिन फिलहाल एक दूरी है। भारत के केवल एक परिवार के साथ अच्छे संबंध हैं। यही कारण है कि अधिकांश लोगों के मन में भारत को लेकर सवाल हैं। बांग्लादेश के लोग 2019 और 2024 में हुए चुनावों के कारण भी भारत से नाराज हैं। बांग्लादेश के लोग स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव चाहते हैं।

हसीना ने लोगों की आवाज नहीं सुनीः मिर्जा

मिर्जा ने कहा, 'शेख हसीना को 5 अगस्त को बांग्लादेश छोड़कर भारत में शरण लेनी पड़ी क्योंकि लोगों में गुस्सा था। 2009 में सत्ता में आने के बाद से अवामी लीग की सरकार पूरी तरह से तानाशाही कर रही थी। जिस तरह से लोगों की आवाज को कुचला गया, उससे लोगों की नाराजगी बढ़ती जा रही थी। बांग्लादेश की जनता सड़क पर उतरी और उसने हसीना के फासीवाद को उखाड़ दिया।' मिर्जा ने हसीना की बांग्लादेश वापसी पर कहा कि अगर वह लोकतांत्रिक उद्देश्यों के साथ आती हैं, तो वह आ सकती है। हालांकि जैसे उन्होंने देश को बर्बाद किया, उसकी जवाबदेही सुनिश्चित किया जाना भी जरूरी है।

मिर्जा ने ये भी कहा कि आने वाले समय में चुनाव होने पर बीएनपी की प्रधानमंत्री पद की उम्मीदवार बीएनपी अध्यक्ष खालिदा जिया होंगी। हालांकि खालिदा जिया की तबीयत ठीक नहीं है। ऐसे में उनके बेटे तारिक रहमान भी प्रधानमंत्री पद का चेहरा हो सकते हैं। चुनाव पर उन्होंने ये भी साफ किया कि बीएनपी का जमात के साथ कोई गठबंधन नहीं है। उन्होंने कहा कि अवामी लीग को बाहर करने के सवाल पर वे जमात के साथ एकजुट हैं। उन्होंने कहा कि भारत में यह डर बना रहता है कि बीएनपी और जमात हमेशा साथ रहते हैं लेकिन ऐसा नहीं है। इस समय किसी भी राजनीतिक पार्टी के साथ कोई गठबंधन नहीं है और हम अपनी राजनीति कर रहे हैं।

**अखंड भारत संदेश**
स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक
स्वामी श्री योगी सत्यम् फॉर योग सत्संग समिति द्वारा विपिन इण्टरप्राइजेज 1/6C माधव कुंज कटरा प्रयागराज से मुद्रित एवं क्रियायोग आश्रम एण्ड अनुसंधान संस्थान झूंसी, प्रयागराज उत्तर प्रदेश से प्रकाशित।
सम्पादक
स्वामी श्री योगी सत्यम्
RNI No: UPHIN/2001/09025
ऑफिस मो.: 9565333000
Email:- akhandbharatsandesh1@gmail.com
सभी विवादों का न्याय क्षेत्र प्रयागराज होगा।

# जब भारतीय मिग-21 ने अमेरिकी एफ-15 ईगल को चटाई थी धूल

**वॉशिंगटनः साल** था 2004। भारतीय वायु सेना, अमेरिकी वायु सेना के साथ कोप इंडिया युद्धाभ्यास कर रही थी। इस दौरान एक अभ्यास हवा में दुश्मनों के लड़ाकू विमान और जमीन पर उनके ठिकानों को तबाह करने का था। इस अभ्यास में अमेरिका की तरफ से एफ-15 लड़ाकू विमान और भारत की तरफ से सोवियत संघ के जमाने का पुराना मिग-21 लड़ाकू विमान शामिल थे। फिर भी कहा जाता है कि मशीन कितनी भी शक्तिशाली क्यों न हो, अगर उसे चलाने वाला माहिर नहीं है तो हार सुनिश्चित है। कुछ ऐसा ही अमेरिकी वायु सेना के साथ भी हुआ। लगभग 90 प्रतिशत लड़ाइयों में भारत के मिग-21 ने अमेरिकी एफ-15 को पराजित किया। यह पराजय इतनी भयंकर थी कि अमेरिकी वायु सेना ने अपने बेड़े के लिए और अधिक F-22 रैप्टर लड़ाकू विमान खरीदने का फैसला किया।

भारतीय पायलटों ने 90 प्रतिशत मुकाबलों में हराया

मिलिट्री डॉट कॉम की रिपोर्ट के अनुसार, "पूरी दुनिया जानती है कि अगर आप अमेरिकी वायुसेना के पायलटों के साथ खिलवाड़ करते हैं, तो आप हार जाएंगे। सिवाय इसके कि कोई भारत को यह मेमो भेजना भूल गया।

# ऑक्सफोर्ड का चांसलर बनने चले इमरान खान, जेल से ही कर दिया अप्लाई, पूरी होगी मुराद?

**इस्लामाबादः पाकिस्तान** के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान ने ब्रिटेन के प्रतिष्ठित ऑक्सफोर्ड विश्वविद्यालय का चांसलर बनने के लिए आवेदन किया है। पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) के प्रमुख इमरान खान पिछले एक साल से जेल में बंद हैं। उन पर भ्रष्टाचार से लेकर हिंसा भड़काने तक के आरोप लगे हैं। हालांकि, इमरान खान का कहना है कि उन पर लगे आरोप राजनीति से प्रेरित हैं और उन्हें सत्ता से दूर रखने के लिए बनाए गए हैं। लंदन में मौजूद पीटीआई के प्रवक्ता सईद जुल्फिकार बुखारी ने बताया, "इमरान खान ने निर्देश दिए थे कि वह अपना आवेदन जमा करना चाहते हैं और अब आवेदन की जांच की जाएगी।"

इमरान खान की पार्टी के प्रवक्ता ने की पुष्टि

सईद जुल्फिकार बुखारी ने कहा, "यह एक औपचारिक पद है, लेकिन यह अत्यंत प्रतिष्ठा और महत्व वाला है और इमरान खान, ऑक्सफोर्ड से निकलने वाले बड़े या अधिक लोकप्रिय नामों में से एक हैं, उन्हें चांसलर के रूप में देखना शानदार होगा।" हांगकांग के अंतिम ब्रिटिश गवर्नर, कंजर्वेटिव पीयर क्रिस पैटन ने फरवरी में घोषणा की थी कि वह ऑक्सफोर्ड के चांसलर के पद से हट रहे हैं। विश्वविद्यालय की वेबसाइट के अनुसार, 10 साल के कार्यकाल के लिए उम्मीदवारों की सूची अक्टूबर तक सार्वजनिक नहीं की जाएगी। इस पद के लिए अक्टूबर के अंत में मतदान होगा।



इमरान ने ऑक्सफोर्ड से की है पढ़ाई

इमरान ने दर्शनशास्त्र, राजनीति और अर्थशास्त्र विषयों में 1975 में ऑक्सफोर्ड से ग्रेजुएशन किया था। वह पाकिस्तान के सबसे महान क्रिकेट खिलाड़ियों में शुमार हुए और प्लेबॉय की जिंदगी जी। वह अपने जवानी के दिनों में ब्रिटिश मैगजीनों में भी छाए रहते थे। उन्होंने ब्रिटिश पत्रकार और फिल्म निमार्ता जेमिमा गोल्डस्मिथ के अलावा दो शादियां और कीं। उन्होंने बाद में खुद को राजनीति में उतारा और पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ की स्थापना की। इसके बाद सेना की मदद से वह पाकिस्तान के प्रधानमंत्री भी बनें, लेकिन उसी के साथ विवादों के कारण उन्हें पद से हटना भी पड़ा।